



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल






वर्ष- 13, अंक - 295 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 11 अगस्त 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


खास खबर »»

## कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीत कर दुर्ग पहुंची आकर्षि के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब



दुर्ग। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में सिल्वर मेडल जीतकर विश्व में देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप के बुधवार को गृहनगर दुर्ग पहुंचने पर उनके स्वागत में जनसैलाब उमड़ा। ग्रीन चौक रेल्वे स्टेशन से शुरु हुआ आकर्षि का विजयी रैली शहर के प्रमुख मार्गो के चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए कसारीडीह चौक स्थित उनके आवास पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पूरे रास्तेभर गाजे-बाजे के साथ जगह-जगह राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्त्ताओं के अलावा विभिन्न खेल, सामाजिक, धार्मिक संगठनों व शहर की जनता ने उनका भव्य स्वागत-अभिनंदन किया। विजयी रैली में शामिल लोगों में काफी उत्साह था। फलस्वरुप पूरे विजयी रैली के दौरान जय हो के नारे गूंजमान रहे। इंग्लैंड के बर्मिंघम में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 के बैडमिंटन खेल में आकर्षि कश्यप सिल्वर मेडल जीतकर बुधवार की दोपहर 1 बजे ग्रीन चौक रेल्वे स्टेशन चौक पहुंची।यहां उनके इंतजार में पहले से खड़े खेलप्रेमियों द्वारा आकर्षि का भव्य स्वागत किया गया। ग्रीन चौक में विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, जिला भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने आकर्षि का स्वागत कर उन्हे ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। तत्पश्चात उनकी विजय रैली गुरुद्वारा स्टेशन रोड, सिंधी धर्मशाला, सीए बिल्डिंग, राजेन्द्र पार्क चौक पहुंची। मेनोनाईट चर्च के सामने छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एण्ड इंडस्ट्रिज के दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा के नेतृत्व में पदाधिकारियों द्वारा आकर्षि का भव्य स्वागत किया गया।

# भाईयों की कलाई पर सजेगी रूद्राक्ष, बीज, धान, बांस से बनी आकर्षक राखियां

## इस साल रक्षाबंधन पर भाईयों की कलाई के साथ बिहान दीदीयों का त्यौहार भी होगा रंगीन

श्रमबिन्दु / रायपुर

**इस साल रक्षाबंधन में भाईयों की कलाई के साथ स्व-सहायता समूहों की दीदीयों का रक्षाबंधन का त्यौहार भी खुशियों से रंगा होगा। भाईयों की कलाईयों में जहां छत्तीसगढ़ की माटी की सौंधी महक लिए धान, चावल, बीज और बांस की राखियां सजेंगी। वहीं इन राखियों की बिक्री से हुई आय से महिला समूह की कई दीदीयों के घरों में खुशियां भी आएंगी।**



हर साल की तरह इस साल भी छत्तीसगढ़ में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बड़े प्रेम और उत्साह से भाईयों के लिए मनमोहक और आकर्षक राखियां बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर शुरू हुए सी-मार्ट में इन राखियों की बिक्री से उन्हें अच्छी आय भी हुई है।

महासमुंद जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत समूह की 140 से अधिक दीदीयों ने बांस, धान, रखिया बीज, मोती, रुद्राक्ष, ऊन और सूती धागे से राखियां तैयार की है। इसे उन्होंने सौम्य बंधन का नाम दिया है। इसे शहरी, ग्रामीण बाजारों के साथ-साथ सी-मार्ट में भी विक्रय किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों में इन महिलाओं को बिक्री के लिए स्टॉल भी उपलब्ध कराये गए है। अलावा स्थानीय हाट बाजारों सहित पड़ोसी जिलो में भी इनकी अच्छी माँग है। स्थानीय बाजार में समूह द्वारा बनाई गई राखीं को 10 रूपए से लेकर 50 रूपए तक बेचा जा रहा हैं।

### आदिवासी दीदियों ने बनाई राखियां - हुई सशक्त

दंतेवाड़ा जिले की पार्वती महिला ग्राम संगठन चितालंका, मां दंतेश्वरी संकुल संगठन बालूद, किसान महिला संकुल संगठन भांसी, एकता महिला ग्राम संगठन चितालंका की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भी रक्षाबंधन के त्यौहार के लिए आकर्षक राखी तैयार की हैं। मां दंतेश्वरी संकुल संगठन बालूद की सदस्य ग्राम चितालुर की निवासी श्रीमती सीमा ने बताया कि महिलाओं द्वारा धान, चावल, मोती, ऊन, रक्षा धागे से अलग-अलग डिजाइन की फैंसी एवं आकर्षक रंग-बिरंगी राखियां तैयार की गई है। इससे उन्हें रोजगार मिल रहा है। अन राखियों को कलेक्ट्रेट परिसर सहित सी-मार्ट में भी बेचा जा रहा है। पिछले साल समूह की दीदियों को लगभग 1 लाख 20 हजार का मुनाफा हुआ था। इस वर्ष भी उन्हें अच्छी आमदनी की आशा है। स्थानीय बाजार में भी इन राखियों की काफी मांग है।

### राखी से बिहान दीदीयों को 1 लाख रूपए की आय

रक्षाबंधन का त्यौहार समूह की महिलाओं के लिए एक नई सौगात लेकर आया है। राजनांदगांव जिले में स्वीप योजना के तहत राखी निर्माण का प्रशिक्षण लेकर लगभग 80 समूहों की 100 से अधिक महिलाएं राखी निर्माण और विक्रय कर रही हैं। इस वर्ष बिहान दीदीयों ने मार्केट के डिमांड के अनुरूप खूबसूरत, फैंसी राखियां बनाई हैं। अब तक महिलाओं ने 35 हजार से अधिक राखियाँ बनाई है, जिनमें से 17 हजार राखियों का विक्रय किया जा चुका है। इससे उन्हें 1 लाख रूपए से अधिक की आय हुई है।

35000 महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने लिया बड़ा निर्णय

## मदर्स मार्केट की दुकानों को सामुदायिक संगठिकाओ को किया जाएगा आबंटित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की 35000 महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई है। अब इन महिलाओं को विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के निर्णय से स्वरोजगार की दिशा में जुड़ने का मौका मिल रहा है। विधायक एवं महापौर तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिला सीओ के साथ निगम में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन प्रीति सिंह, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पावर हाउस के समीप महिला मदर्स मार्केट में निर्मित 21 दुकानों को लॉटरी के माध्यम से महिला सीओ को आबंटित किया जाएगा। सीओ के अधीन में स्व सहायता समूह की महिलाएं कार्य करती है और सीओ इसकी मॉनिटरिंग करती है। आबंटित दुकानों का संचालन सीओ के माध्यम से होगा। भिलाई के सीओ के अधीन 3500 स्व सहायता समूह की महिलाएं कार्य कर रही है वही एक समूह में 10 से 20 महिलाएं शामिल होती है। इस प्रकार से 21 सीओ के अधीन 35000 महिलाएं कार्य कर रही है। इन महिलाओं के बनाए हुए उत्पादों को अब एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा और स्वरोजगार की दिशा में महिलाएं आगे बढ़ेगी। प्रत्येक दुकानों को लॉटरी सिस्टम से आबंटित करने की कार्य योजना तैयार हो चुकी है। कौन से नंबर की दुकान किनको मिलनी है यह लॉटरी होने की दिन लॉटरी से तय हो जाएगा।

लेकिन 21 सीओ को 21 दुकाने मिलना तय है और इन 21 महिलाओं के अधीन 35000 महिलाओं को उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को विक्रय करने का मौका मिलेगा। इनके संचालन के लिए एक कमेटी भी तैयार की जाएगी जिसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करने वाले संगठनों को भी शामिल किया जाएगा। महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों को अब विक्रय के लिए एक स्थान मिलेगा और रोजगार प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर भी लगातार स्व सहायता समूह की महिलाओं को कार्य दिलाने बैठक लेते रहे हैं, उन्होंने अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिया हुआ है।

## बीएसपी के कोक ओवन विभाग में मनाया जाएगा आजादी का अमृत महोत्सव

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) में 12 से 15 अगस्त, 2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाएगा। इस अवसर को मनाने के लिए सीजीएम (सीओ एंड सीसीडी) राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग की टीम चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 12 अगस्त से 13 अगस्त 2022 तक बैटरी नं.-11 क्षेत्र में 75 पौधे रोपण किया जाएगा और ठेका मजदूरों के बच्चों को 75 स्टेशनरी किट का वितरण किया जाएगा। 14 अगस्त, 2022 को टीम सीओ एंड सीसीडी के 75 कार्मिकों द्वारा रक्तदान, नेत्रदान और अंगदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रगति भवन, ओए बिल्डिंग में किया जाएगा।

बारिश के बाद अलसुबह आयुक्त ने देखी नालो व जलभराव क्षेत्रो की स्थितिः


# आयुक्त ने अफसरों को कहा जलभराव क्षेत्रों में जेसीबी की मदद से तत्काल पानी निकासी करने के निर्देश दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सभी बड़े नालों व वार्डो का निरीक्षण किया। कल दिनभर व रात्रि को हुए जमकर बारिश के कारण जलभराव की स्थिति जायजा लेने आयुक्त प्रकाश सर्वे अलसुबह निरीक्षण में पहुंचे।उन्होंने सर्वप्रथम दुर्गा चौक शंकर नाला,शिवनाथ नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया,वहां उन्होंने पानी के फ्लो की स्थिति देखी, तत्पश्चात सहित मालवीय नगर नाला,केलाबाड़ी नाला,पोटिया नाला कसारीडीह नाला के समीप स्थित नाला आदि का निरीक्षण किया।उन्होंने निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसलिए आसपास के कचरे की सफाई भी व्यापक तौर पर हो जाए। बारिश के पानी के साथ कचरे की बहकर नालों में प्रवाहित होते हैं, ऐसी स्थिति में किनारों में कचरे एकत्र होने की संभावना बढ़ जाती है। इन सभी स्थितियों के लिए सदैव अपना अमला स्वास्थ्य विभाग तैयार रखें।आयुक्त ने वार्ड 2,3 एवं 4,के तालाबो के पानी निकासी की जा रही है।वही वार्ड 35,38,39 एवं 55 शिवनाथ नदी ठाकुर होटल के आस पास सफाई व्यवस्थाओं पर अमला को निर्देश दिए।शहर क्षेत्र के सभी इस वर्ष बड़े नालों तथा

### छोटी नालियों की अच्छी

सफाई होने की वजह से नालो में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो रही है। नालों से पानी का फ्लो अच्छा दिखा। आयुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था भी देखी, प्रमुख सडकों में रोड स्विपिंग की जानकारी ली, सड़क किनारे अनावश्यक झाडियों को हटाकर सफाई करने के निर्देश दिए। वहीं नालों के समीपस्थ स्थितियों का जायजा लिया।उल्लेखनीय है कि महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर शहर में लगातार बड़े नालों तथा छोटी नालियों की सफाई कराई जा रही है, जिसके चलते भारी बारिश में भी जलभराव की स्थिति नालो में निर्मित नहीं हो रही है। वहीं जमकर हुए बारिश डुबान बस्तियों तथा जल भराव क्षेत्रों की जलभराव की स्थिति निर्मित की जा रही। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं स्वास्थ्य विभाग अमला आदि मौजूद रहे।




## संपादकीय

# भाई और बहन के स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन

भारतीय संस्कृति मे रक्षाबंधन का त्योहार भाई–बहन के प्रेम का एक अविरल त्योहार माना जाता है जिसमें भाई के स्नेह और प्रेम रूपी धागे को उसके कलाईयों में बांधकर ,बहन उसके दीर्घायु की कामना करती है और भाई भी उसके जीवन पर्यंत उसके सुहाग और उसकी रक्षा करने के वाचन देता है इससे एक ओर तो सामाजिक और पारिवारिक सहभागिता बढ़ती है दूसरी ओर भावनात्मक संबंध और सहकार की भावना भी विकसित होती है । वर्तमान समय में आधुनिकता के दौर में विभिन्न आयामों को लेकर संयुक्त परिवार विघटित हो रहे । आज संयुक्त परिवार की अवधारणा शहरों में तो काम देखने को मिल ही रही है परंतु इसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है उसमें अनन्य प्रकार के अवसाद दिखायी देते है जिससे आपसी मन मुटाव बढ़ता है । ऐसे में यह त्योहार एकता के सूत्र में (घर ,परिवार और परिजनों को ) बांधने का काम करते है । रक्षा बंधन का त्योहार भी ऐसे ही भावनात्मक संबंधों को विकसित करता है जिसमें इस दिन भाई बहन आपस में मिलकार एक दूसरे के लिए मंगलकांनाएं और दीर्घायु की कामना करते है । रक्षा बंधन का त्योहार इस परिदृश्य से भी अधिक प्रासंगिक है की इसमें केवल भाई– बहन ही नहीं अपितु सम्पूर्ण परिजन एक साथ बैठकार प्रसन्नता को साझा करते है । ऐसे त्योहारों से रिश्तों में समन्नता और मधुरता बढ़ती है जिससे की रिश्ते लंबे समय तक कायम रहते है और आपसी शिकवे–गीले खत्म हो जाते है । इस दिन बहन स्वयं भाई के घर पहुँचती है और अपने भाव के अनुसार उसका सत्कार करते हुए रक्षा ( राखी ) बांधती है और उसका तिलक भी करती है साथ ही यह भी प्रथा प्रचलित है की हल्दी और चावल का टीका लगाया जाता है जिसे एक थाली में सजाकर भाई की आरती उतारकर उसका मुंह मीठा कराकर उसके दहिनें हाँथ में रक्षा ( राखी ) बंधी जाती है और उसके दीर्घायु की कमना भी बहन करती है । इसके उपरांत भाई के द्वारा यद्यपि कुछ भौतिक उपहार प्रदान किया जाता है परंतु इसका अर्थ यह नहीं होता की उस उपहार के माध्यम से राखी की सम्पूर्ण आयदगी हो जाती है । इसमें भाई यह संकल्प लेता है की वह जीवन पर्यंत उसके और उसके सुहाग की रक्षा करेगा , परंतु इस रक्षा बंधन में सभी भाईयों को यह संकल्प लेना चाहिए की वह ऐसा कोई भी कृत्य दूसरों की बहनों के साथ नहीं कारेगे जो उनके बहन के लिए भी ठीक और उचित ना हो । सभी बहनों को भी यह सुनिश्चित करना होगा की आज जो अन्य बहने पीड़ित हो रही है । सामाजिक बहिष्कार झेल रही है ,समाज उन्हे सम्मान नहीं डे रहा है ,क्योंकि वह किसी दरिंदे का शिकार हो गई थी । किसी ने उन्हे बीच रास्ते में ही छोड़ दिया जबकि पूरा जीवन साथ निभाने का संकल्प लिया था । बहुत सी बहने अन्याय और अमानवीयता का बोझ झेल रहीं है ऐसे में रक्षा की पूर्ण संकल्पना कारगर नहीं होगी । ऐसे में सभी बहनों को यह संकल्प इस रक्षा बंधन के त्योहार में जरूर लें की वह अपने सभी को राखी बांधते समय ऐसे अमानवीय कृत्यों को न करने को कहे तभी ऐसे में त्योहारों की सार्थकता और प्रगतिशीलता कारगर साबित होगी ।

> “किसी ने उन्हे बीच रास्ते में ही छोड़ दिया जबकि पूरा जीवन साथ निभाने का संकल्प लिया था । बहुत सी बहने अन्याय और अमानवीयता का बोझ झेल रहीं है ऐसे में रक्षा की पूर्ण संकल्पना कारगर नहीं होगी । ऐसे में सभी बहनों को यह संकल्प इस रक्षा बंधन के त्योहार में जरूर लें की वह अपने सभी को राखी बांधते समय ऐसे अमानवीय कृत्यों को न करने को कहे तभी ऐसे में त्योहारों की सार्थकता और प्रगतिशीलता कारगर साबित होगी ।

**( लेखिका शोधार्थी राजनीति विज्ञान,अमरकंटक विश्वविद्यालय हैं )**

# भावनात्मक आजादी का भ्रम

एक अलिखित सा नियम हमसे कहता है कि ‘यह दुनिया मजबूत प्राणियों के लिए है’, अगर ऐसा होता, तो मनुष्य का अस्तित्व ही नहीं होता, क्योंकि उसे जीवित रहने के लिए लंबे संरक्षण की जरूरत पड़ती है।

‘अपनी जिंदगी की शुरुआत और अंतिम दिनों में, यानी बचपन और बुढ़ापे में हमें दूसरों की मदद और स्नेह की आवश्यकता होती है। इन दोनों अवस्थाओं के बीच के अंतराल में, जब हम शारीरिक रूप से मजबूत होते हैं और अपनी देखभाल करने में समर्थ होते हैं, तब स्नेह और करुणा जैसे मूल्यों को महत्व नहीं देते। चूंकि हमारा निजी जीवन स्नेह की जरूरत के साथ शुरू और खत्म होता है, तो क्या यह बेहतर नहीं होगा कि हम जब मजबूत व समर्थ होते हैं, उस समय दूसरों को करुणा व प्रेम दें?’

ये पंक्तियां दलाई लामा की हैं। वाकई, यह अजीब सी बात है कि हम अपनी भावनात्मक आजादी पर गर्व करते हैं, जबकि हकीकत में ऐसा है नहीं। हमें ताजिंदगी दूसरों की जरूरत पड़ती है, लेकिन इसे जाहिर करने को ‘शर्म’ से जोड़ दिया गया है, इसीलिए हम किसी के सामने नहीं, बल्कि छिपकर रोना चाहते हैं और जब कोई हमसे मदद मांगता है, तो उसे दुर्बल–भावुक माना जाता है। एक अलिखित सा नियम है, जो हमसे कहता है कि ‘यह दुनिया मजबूत लोगों के लिए है’ या ‘सिर्फसबसे योग्य ही इसमें जिंदा रह पाएगा।’ अगर ऐसा होता, तो मनुष्य का अस्तित्व ही नहीं होता, क्योंकि वह एक ऐसी प्रजाति का हिस्सा है, जिसे जीवित रहने के लिए लंबे समय तक संरक्षण की जरूरत पड़ती है (विशेषज्ञों का कहना है कि हम नौ साल के बाद ही अपने दम पर जीवित रहने में सक्षम बन पाते हैं, जबकि एक जिराफ को इस योग्य बनने में महज छह से आठ महीने लगते हैं, और मधुमक्खी तो पांच मिनट से भी कम समय में स्वतंत्र हो जाती है)।

तो क्या कोई पूर्णत स्वतंत्र है? मैं अपनी ही बात करूं, तो मेरी जिंदगी दूसरों पर निर्भर रही है और आगे भी रहेगी। मैं अपनी पत्नी, अपने दोस्तों और प्रकाशकों पर निर्भर हूं। मैं अपने शत्रुओं पर भी निर्भर हूं, जो तलवार चलाने में हमेशा दक्ष बनने में मेरी मदद करते हैं। जाहिर है, भावनात्मक स्वतंत्रता एक नाकाम दुर्ग के अलावा हमें कहीं और नहीं ले जाती, जिसका एकमात्र मकसद दूसरों को प्रभावित करना है। इसके उलट भावनात्मक निर्भरता एक अलाव की तरह है, जिसे हम मिलकर जलाते हैं।

शुरुआत में रिश्ते थोड़े मुश्किल होते हैं। ठीक उसी प्रकार, जैसे धुएं में सांस लेने में कठिनाई होती है, और हमारी आंखों से आंसू बह आते हैं। लेकिन एक बार जब आग धधक उठती है, तो धुआं गायब हो जाता है और लपटें हमारे चारों ओर सब कुछ रोशन कर देती हैं। इसी तरह, रिश्ते भी चारों तरफगर्मजोशी फैलाते हैं, स्थिरता देते हैं, और शायद हमें जलाने के लिए एक चिनगारी भी, पर क्या यह सच नहीं है कि यही सब एक रिश्ते को दिलचस्प भी बनाता है?

**पाउलो कोएल्हो, प्रख्यात लेखक**


> “दूसरी बार नीतीश का गला आरसीपी सिंह को मंत्री बना कर दबाया गया। सबको पता है कि नीतीश नहीं चाहते थे कि उनका एक सांसद मंत्री बने। वे तीन मंत्री पद चाहते थे। इसके बावजूद भाजपा ने आरसीपी सिंह को केंद्र में मंत्री बनाया। जानकार सूत्रों के मुताबिक भाजपा की योजना आरसीपी सिंह के जरिए जनता दल यू को तोड़ने की थी। वे बिहार में एकनाथ शिंदे बनने वाले थे। लेकिन नीतीश कुमार अलर्ट थे और उन्होंने आरसीपी के पर कतर दिए। तीसरा प्रयास यह हो रहा था कि नीतीश को मजबूर किया जाए कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ बिहार विधानसभा का चुनाव कराएं और नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाए।

# नीतीश अब भाजपा को मौका नहीं देंगे

जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में निशाना तो अपनी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह को बनाया लेकिन उनका असली निशाना भाजपा पर था। उन्होंने नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि समय आने पर खुलासा करेंगे कि नीतीश कुमार के खिलाफ कहां–कहां और कैसे कैसे साजिश रची गई। उन्होंने चिराग पासवान मॉडल का जिक्र किया और यह भी कहा कि उसे दोहराने की कोशिश हो रही थी। उनकी इस बात का निशाना भी भाजपा पर था।

असल में ललन सिंह कोई नई बात नहीं कह रहे हैं। यह बात 2020 के विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद हुई जदयू की पहली बैठक में जीते हुए विधायकों और हारे हुए उम्मीदवारों ने कही थी। उन्होंने कहा था कि भाजपा की मदद से चिराग पासवान चुनाव लड़े और उन्होंने जदयू उम्मीदवारों को हराया। तब नीतीश कुमार और उनकी पार्टी के बड़े नेताओं ने कहा था कि वे सब जानते हैं और समय आने पर इसका हिसाब होगा। सो, ऐसा लग रहा है कि अब वह समय आ गया है। वह समय इसलिए आया क्योंकि नीतीश कुमार का गला दबाने के लिए चिराग मॉडल को दूसरी बार आजमाया गया।

पहली बार चिराग पासवान के जरिए नीतीश का गला दबाया गया। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की 110 सीटों को छोड़ कर चिराग ने हर सीट पर उम्मीदवार उतारा। ध्यान रहे भाजपा के कोर वोट बैंक का एक हिस्सा कभी भी नीतीश को वोट नहीं करता है। तभी साथ लड़ने पर भी हमेशा भाजपा का स्ट्राइक रेट जदयू से बेहतर होता है। 2020 के चुनाव में भाजपा ने अपना कोर वोट चिराग की ओर शिफ्ट कराया। वह तो नीतीश के चेहरे का जादू या उनकी पुण्यता और इकबाल था कि इसके बावजूद उनकी पार्टी 43 सीट जीत गई और उनके बिना किसी की सरकार नहीं बनने की स्थिति बन गई।



सवाल है कि क्या भाजपा को अंदाजा नहीं है कि अब अति हो रही है और अगर विपक्षी पार्टियों को ज्यादा परेशान करेंगे तो उनके प्रति सहानुभूति बन सकती है? निश्चित रूप से भाजपा को अंदाजा होगा और इमरजेंसी के बाद के चुनाव का इतिहास भी पता होगा इसके बावजूद विपक्ष को खत्म करने का या कमजोर करने का अभियान थम नहीं रहा है। पहले प्रधानमंत्री ने कांग्रेस मुक्त भारत की बात कही थी और अब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कह रहे हैं कि कोई नहीं बचेगा, सिर्फ भाजपा बचेगी। सोचें, इस आत्मविश्वास का क्या कारण है? क्यों भाजपा इस आत्मविश्वास में है कि वह विपक्षी पार्टियों के खिलाफ कुछ भी करे, उसका कुछ नहीं बिगड़े उलटे उसको फायदा होगा?

इसके दो कारण हैं। पहला कारण यह है कि भाजपा ने पिछले आठ साल में मीडिया और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके विपक्ष के सभी नेताओं की साख बिगाड़ी है। विपक्षी नेताओं के बारे में झूठे–सच्चे (ज्यादातर झूठे) प्रचार से उनके बारे में एक धारणा बनवाई है। उनको भ्रष्ट या मुस्लिमपरस्त ठहराया गया है। उनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की जांच शुरू कराई गई है ताकि लोगों के मन में यह बात बैठे की अमुक नेता भ्रष्ट है। इसके लिए सबसे पहले मीडिया संस्थानों को काबू में किया गया। अखबार और टेलीविजन चैनल वहीं दिखाते हैं, जो सरकार कहती है। विपक्षी नेताओं के झूठे बयान या फोटोशॉप की हुई फोटो और एडिटेड वीडियो वायरल कराए जाते हैं और मीडिया उसे जस का तस चलाता है। ऐसे ही वीडिया के जरिए विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी को ‘पप्पू’ ठहराया गया है। ममता बनर्जी को ‘ममता आपा’ बता कर उनको मुस्लिमपरस्त ठहराया गया है। अखिलेश यादव के खिलाफ कुछ नहीं मिला तो आरोप लगा कि मुख्यमंत्री आवास खाली करते समय वे बाथरूम की टोंटी खोल कर ले गए। मुलायम सिंह के लिए ‘मौलाना मुलायम’ और लालू प्रसाद के लिए ‘चारा चोर’ का पुराना जुमला चलता है। हेमंत सोरेन के लेकर उद्धव ठाकरे तक के नेताओं और करीबियों को गिरफ्तार करके जेल में डाला गया है। भाजपा मानती है कि 1975 की इमरजेंसी के समय गिरफ्तार नेताओं की नैतिक सत्ता थी और जनता उन्हें भ्रष्ट नहीं मानती थी इसलिए उनका साथ दिया, जबकि अब नेताओं को भ्रष्ट ठहरा दिया गया है इसलिए जनता साथ नहीं देगी। भाजपा के आत्मविश्वास का दूसरा कारण हिंदू–मुस्लिम का नैरेटिव है। इसे भी मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए भाजपा ने बखूबी जनमानस में बैठाया है। अलग अलग घटनाओं, कानूनों, भाषणों, टेलीविजन बहसों आदि के जरिए यह स्थापित किया गया है कि मुसलमानों से हिंदुओं को खतरा है और उन्हें नरेंद्र मोदी ही बचा सकते हैं। यह धारणा बनवाई गई है कि भारत असल में 2014 में आजाद हुआ, जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। इसे हिंदुओं की आजादी बताया जा रहा है। राममंदिर निर्माण, कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति, नागरिकता कानून आदि के जरिए यह धारणा बनाने में मदद मिली। मंदिरों की मुक्ति और शहरों, रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने जैसे जैसे छोटे छोटे कामों से भी हिंदुओं को बताया जा रहा है कि यह काम तभी होगा, जब नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार होगी। भाजपा इस आत्मविश्वास में है कि लोग राम के आगे रोटी भूले हुए हैं, मंदिर के आगे महंगाई नहीं देख पा रहे हैं और विभाजनकारी एजेंडे के आगे बेरोजगारी उनको महसूस नहीं हो रही है। उनके दिमाग में यह बात बैठाई जा रही है कि हिंदुओं के साथ जो अन्याय हुआ है उसके लिए आज का विपक्ष जिम्मेदार है।

दूसरी बार नीतीश का गला आरसीपी सिंह को मंत्री बना कर दबाया गया। सबको पता है कि नीतीश नहीं चाहते थे कि उनका एक सांसद मंत्री बने। वे तीन मंत्री पद चाहते थे। इसके बावजूद भाजपा ने आरसीपी सिंह को केंद्र में मंत्री बनाया। जानकार सूत्रों के मुताबिक भाजपा की योजना आरसीपी सिंह के जरिए जनता दल यू को तोड़ने की थी। वे बिहार में एकनाथ शिंदे बनने वाले थे। लेकिन नीतीश कुमार अलर्ट थे और उन्होंने आरसीपी के पर कतर दिए। तीसरा प्रयास यह हो रहा था कि नीतीश को मजबूर किया जाए कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ बिहार विधानसभा का चुनाव कराएं और नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाए।

निर्मल चंद्र शर्मा, नेहरू नगर भिलाई


# छत्तीसगढ़ी कहानीः ‘राखी के भोजली’

सहाब ये महिना के तनखा 10 के दे देतेय तो मेहरबानी हो जतीस अब अपन मालिक तिर गुहरात रिहिस। बिहारी लाल तुरंत जवाब सुनाईस हिसाब गड़बड़ा जये महिना पूरन दे करो समझे। अमरू कसि 11 तारीख के राखी हरे सब बहिनी मन आही दुच्छा तिहार कइसे मनाहूं ठीक हे कोनो ला कहिने झन तोला चलाय दे दुहु। अमरू खुश होगे पांव पर के आशीष लेवत कहिस आप मन महान हो हमर भगवान हो। बिहारी सेठ याद करत कहिस कहां जाये वर कहात रिहिस। अमरू जो तो मालकिन कहां जाये पर कहात रिहिस, जा पूछ ले। अमरू भीतरी बंगला में मालकिन ला हांक पारिस श्यागा मालकिन हलवाई ले बरकी लड्डू बनायत रहाय अमरू ला कहिस तोला गंडई खम्हरिया बेमेतरा भाटापारा जाना है चार दिन लगे चाहे दू दिन मोर भाई इहा मिठाई अऊ राखी पहुंचाना है। अमरू परावत कहिस मोला सेठ रांगा ईहा भेजत ही मोला लाज लगथे एक जोड़ी कपड़ा तो नई है। आपके भाई मन का कहि श्यामा हंस के कहिस संसो झन कर सेठ तिरन दस जोड़ी नवा कपड़ा गंजाये हे में निकाल दूहूं। कल सुबह से निकलने आज शाम के मिठाई डब्बा राखी के लिफाफा तियार हो जाही ये ले पचास रूपिया गत गढन बाल बनवा ले। श्यामा अपन भाई ईहा भेजे बर चार जोड़ी नया कपड़ा निकाल के दे दिस अऊ चार सौ रूपिया निकाल दे दिस। अक चार सौ रूपिया जा दर्जी ला अरजेंट फिट करवा ले। अमरू खुश होगे कपड़ा लेके घर चल दिस अमरु गोवरधन टेलर इहां नाप देवा के ड्रेस देखिस तो एकदम ठीकठाक रिहिस ना घटाये ला पड़िस ना जोड़े के झंझट जानों माना ओखरे नाप के रखय रिहिस। शाम के नीला पेट पीला शर्ट पहिने बगला गिस तौ बिहारी से कहा अरू हिरो लगत हस ही सेठजी आप के ससुराल जाना है। ऐसी मालकिन देहे जानत हो ये भहकालू रंग में खुद रिजेक्ट कर रहे गैर मे फिर आगे श्यामा चारों भाई ला चिट्ठी लिखत सेवासी हो ने राय चिट्ठी चार झोला चार लिफाफा नोट भरके तिवार होगे। बिहिन्धे निकल जारे अभी बुलेट पोछ पोछा से अऊ हां नयां ड्रेस 4 टूटहा चप्पल नई जमत है वो देख के सेठ के जूता माड़े है लेग जा यो जनन पहिने नई ये ठीक हे मालकीन पेट्राले पानी वर खरना दुकान से ले लो श्यामा कहिस, नई



मैं देवत हौ, ये रख पांच हजार रूपिया सेठ ला बताये के जरूरत नई हे मोर भाई इहां जावत इस ताजा फल तक ले लेबे कहिस 1 माफी करने मालकिन सेठ ला बता देथो जन दिही इनाम समझ के रख तु। मोरो तिहार मन जाती श्यामा कहिस ठीक हे मोर रूपिया ता झन बताने जा चारो झोला आगू पाछू बांध के बुलेट गाढ़ी चमका के दुकान के सामने गाड़ी खड़े करिस बिहारी सेठ ला बताईस चारो भाई इहां जाना है। दू चार दिन लग सकत हे बिहारी सेठ कहिस तोर मालकिन जेन केहे हे ओसने कर अमरू अऊ ये ले पेट्रोल पानी तोर खरचा कुल हजार रूपिया हो जही अमरू कहिस का मालूम सेठ जी कभू अतेक चक्कर लगाये नई हो सहू मांग लु। बिहारी से किहिस नई नई मुहु झन खोलये ये ले पांच सौ उपरहा हो जही दूसर दिन घर बजे ले नहा धो के नया ड्रेस पहिन के बुलेट फुल पेट्रोल भर के गई बड़े भाई सेठ इहां निकलगे। सुबह सात बजे दुकान नई खुले रहाय मुहाटी में बुलेट रुकगे। अमरू सियान के पांव परिस अऊ बताईस कोहका बिहारी नेठ ईहा ले आये हो मालकिन राखी भेजे है। एक झोला दे दिस धोरकुन देर बाद भीतरी बुला लिए तीनो झोला ला उतार के पहुना खोली में पहुंचा दिस श्यामा के भाई चिट्ठी के बाद अपन परिवार में चरचा कर लागेन अमरु शानदार पलंग में लेट के आराम करे लगिस गरम भजिया के साथ पताल धनिया के चटनी भर पेट नाश्ता करे के बाद अमरू सेठ ला कहिस मोला थान खम्हरिया जाना है 1 गुट्टी दे देते तो मेहरबानी हो रही सेत कटिस खाना खा के जाना फ्टाफ्ट नया बन अफहो गई ये लिफाफा से दूर झोला में रख दे हम लेंगे जाबो अरू कहिसमालकिन हो कुजोरी में नौकर गारी खहूं। सेत कहिरा कुपु नई किहि में बड़े भाई ही पहुंचा देवे। खाना खाये के बाद अम बड़े भाई के पद परिस बड़े भाई पांच सौ रूपिया घरा दिस अग उहां सबके पांव परत गिरा सो भाई, शिवल सी सी रूपिया धरा मिन कुल देव हजार इनाम मागे। शाम होत ले बुलेट धान खम्हरिया रोठ लाल ज्वेलर्स पहुंचगे। बुलेट से उतर के पांव परे के ब्रम्हास्त्र चलाना शुरू करिस अपन परिचय दे के देरी रहिस सीधा ओकर झोला उठवा के भीतरी ले गे इहां तको पहुंना खोली में जगत मिलगे।

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





जानकर क्यों अंजान बन जाते हो? अपना होकर, अचानक क्यों, बदल जाते हो?

**-अंजली जैन**
**7024460938**

# कोरोना काल में डाक्टरों का महत्व

पिछले दो वर्षों से भयानक महामारी कोरोना को नियंत्रित करने में सबसे बड़ा योगदान हमारे डॉक्टरों का ही रहा है । मौजूदा दौर में डॉक्टरों की भूमिका व अहमियत लगातार बढ़ रही है । मगर भारत कई रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी से जूझ रहा है । डॉक्टर बनने की चाहत में देश के लाखों छात्र हर वर्ष राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) में अपना भाग्य आजमाते हैं। देश के स्वास्थ्य ढांचे में कुछ सकारात्मक परिवर्तन के मद्देनजर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने कुछ समय पहले मेडिकल विषय के छात्रों द्वारा ली जाने वाली हिप्पोक्रेटिक शपथ को महर्षि चरक शपथ में बदलने की सिफारिश की थी भारत की प्राचीन चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद के विशारद महर्षि चरक उस समय चर्चा का विषय बन गए जब 30 अप्रैल 2022 को मदुरै मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरी की पढ़ाई करने वाले छात्रों ने पारंपरिक हिप्पोक्रेटिक शपथ के बजाय महर्षि चरक शपथ ली। नतीजतन तमिलनाडू सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय इसके विरोध में उतर आया। दरअसल हिप्पोक्रेट्स एक प्राचीन यूनानी विद्वान थे। पश्चिमी देश उन्हें मानव रोगों पर आधारित चिकित्सा शास्त्र का जनक मानते हैं। हिप्पोक्रेटिक शपथ उन्हीं के द्वारा लिखी गई थी। ज्ञात रहे भारत में चिकित्सा विषय का ज्ञान अति प्राचीन है ।


आयुर्वेद को सनातन संस्कृति के प्राचीन दस्तावेज अथर्ववेद का उपवेद माना जाता है, जो कि आयुर्वेद का मूल आधार व प्राचीनता का साक्ष्य है। भारत में भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद चिकित्सा का देवता तथा वैदिक चिकित्सक व आयुर्वेद के आदि आचार्य अश्विनी कुमारों को देवताओं का वैद्य माना गया है। हजारों वर्ष पूर्व इस भारतभूमि पर मृत शरीर को स्वस्थ करने में सक्षम संजीवनी विद्या के परोधा महाचार्य तथा उच्चकोटी के आयुर्वेदाचार्य एवं शल्य चिकित्सा के पितामह व सुश्रुत संहिता के रचयिता महर्षि सुश्रुत हुए। उन्हीं सुश्रुत के शिष्य महर्षि वाग्भट हुए। वाग्भट ने ही आयुर्वेद के प्रसिद्ध ग्रंथों अष्टांगसंग्रह व अष्टांगहृदय संहिता की रचना की थी। आयुर्वेद को वैज्ञानिक स्वरूप देने वाले व 46501 श्लोकों से परिपूर्ण ग्रंथ मात्रेय संहिता के रचनाकार महर्षि पुनर्वसु आत्रेय प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य थे। पुनर्वसु आत्रेय के प्रतिभाशाली शिष्य आचार्य अग्निवेश ने अग्निवेशतंत्र की रचना की थी। आयुर्वेद के विकास में महर्षि च्यवन की अहम भूमिका थी। भारत सहित कई देशों में लोग शारीरिक दुर्बलता व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए भारत में सर्वाधिक बिकने वाले आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्राश का इस्तेमाल करते हैं, मगर च्यवनप्राश महान् आचार्य च्यवन के अद्भुत ज्ञान व मेहनत की उत्पत्ति है। च्यवन ऋषि के नाम पर ही यह औषधि वर्तमान में च्यवनप्राश के रूप में जानी जाती है। तक्षशिला विश्वविद्यालय के छात्र व प्रसिद्ध चिकित्सक जीवक कुमार भृत्य भी इसी भारत में हुए। अश्वचिकित्सा पर आयुर्वेद आधारित विश्व के प्रथम ग्रंथ शालिहोत्र संहिता के रचयिता व पशु चिकित्सा विज्ञान के संस्थापक महर्षि शालिहोत्र थे। हाथियों से संबंधित शारीरिक विज्ञान के प्रथम आचार्य तथा गजशास्त्र व हस्त्यायुर्वेद के रचनाकार पालकाप्य मुनि भी इसी भारत में हुए। महाभारत काल में पांडव पुत्र नकुल को अश्वचिकित्सा व सहदेव को गोचिकित्सा का विशेषज्ञ माना गया है। वाल्मीकि कृत रामायण में पर्याप्त उल्लेख है कि रणभूमि में मूर्च्छित हुए पराक्रमी योद्धा लक्ष्मण को रावण के राजवैद्य सुषेण ने संजीवनी औषधि के उपचार से स्वस्थ करके अपना शाश्वत वैद्य धर्म निभाया था जो कि दुनिया भर के चिकित्सकों के लिए एक मिसाल है। मगर हैरत होती है कि हमारे मनीषियों की प्राचीन विरासत आयुर्वेदिक चिकित्सा का समृद्ध व गौरवशाली इतिहास संजोए भारत में मेडिकल के छात्रों को दशकों से ग्रीक दार्शनिक हिप्पोक्रेटिस की शपथ दिलाई जाती है तथा आयुर्वेद के सर्वोत्तम ग्रंथ चरक संहिता के रचनाकार एवं फादर ऑफ मेडिसिन महर्षि चरक के नाम की शपथ तीखे विवाद का विषय बन जाती है। अंग्रेज हुकूमत ने आयुर्वेद पद्धति की उपेक्षित करके पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली का वर्चस्व कायम करने के कई प्रयास किए थे। मगर भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को अवैज्ञानिक व अंधविश्वास करार देने वाले पश्चिमी देश आज आयुर्वेद को ही तस्लीम कर रहे हैं। ब्राजील देश आयुर्वेद को अपनी राष्ट्रीय नीति में शामिल कर चुका है। विश्व के कई देश आयुर्वेद को अपने रैगुलर मेडिसिन सिस्टम में लागू कर चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन आयुर्वेद को पारम्परिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता दे चुका है । अब सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि सेवाभाव व योग साधना से भरी जीवनशैली वाले हमारे ऋषियों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण कितना विकसित था तथा प्राचीन भारत का आयुर्वेदिक चिकित्सा ज्ञान व उद्देश्य कितना व्यापक था ।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

महक सेनीटेशन



आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें



अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

Sargam Musicals



Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी



पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

लक्ष्मी ज्वेलर्स



कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर...

### हाथ में तिरंगा हो तो उसके सामने कोई भी चुनौती नहीं टिकती - विधायक छन्नी साहू



राजनांदगांव

कांग्रेस के राष्ट्रीय आह्वान पर आज खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू की अगुवाई में आजादी की गौरव यात्रा की शुरुआत हुई। लगातार भारी बारिश के बीच भी कार्यक्रम में किसी तरह का फेरबदल नहीं किया गया। विधायक श्रीमती साहू और कांग्रेसीजन तिरंगा थामे भीगते हुए विभिन्न ग्रामों से गुजरने वाली यात्रा के लिए जय हिंद के उद्घोष के साथ रवाना हुए। इस कार्यक्रम के तहत 6 दिनों में विधानसभा के विभि?न ग्रामों में यह यात्रा पहुंचेगी। मंगलवार को यात्रा की शुरुआत चिचोला के राम मंदिर से हुई। विधायक श्रीमती साहू, ब?लॉक कांग्रेस कमेटी अध?यक्ष रितेश जैन के साथ सैकड़ों की संख?या में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जय हिंद के उद्घोष के साथ आजादी की गौरव यात्रा की शुरुआत की।

विधायक श्रीमती साहू ने यहां संबोधित करते हुए कहा कि, 28 दिसंबर 1985 को स?थापित कांग्रेस के नेताओं ने देश की आजादी के लिए सर्वस?व न?यौछावर कर दिया। एक शताब?दी से अधिक समय से कांग्रेस जनसेवारत है। आज देश की स?वतंत्रता की हीरक जयंती का अवसर है। हमारी आजादी के 75 साल गौरवशाली हैं। जन-जन को गौरव की अनुभूति हो रही है। उन?होंने कहा कि गांवों के इस देश में ग्रामीणों को साथ जोड़ने वाली इस यात्रा का उद्देश?य व?यापक है। देश भक?तों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही भारत के भविष?य का मंथन भी इस यात्रा का महत?वपूर्ण उद्देश?य है। उन?होंने कहा कि, हाथ में तिरंगा हो तो आप जिस देशभक्ति से लबरेज होते हैं उसके सामने कोई भी चुनौती नहीं टिकती। आज अच?छी बारिश हो रही है लेकिन हम रुके नहीं। मेरे साथ हमारे कांग्रेसी साथी भीगते हुए इस यात्रा का हिस?सा बन रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। गांव-गांव में लोग इस कारवां से जुड़ रहे हैं। यह देशभक्ति का जज?बा ही तो है।

### नगरीय निकायों में गौठानों के लिए शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर अग्रिम आधिपत्य लें - कलेक्टर




राजनांदगांव

कलेक्टर डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी सीएमओ से कहा कि नगरीय निकायों में गौठानों के लिए शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर अग्रिम अधिपत्य लें। उन्होंने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के साथ ही वर्मी कम्पोस्ट के बिक्री के कार्य में भी गति लाएं। गोधन न्याय योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को इस योजना से लाभान्वित करें। शहरी क्षेत्र में गौठानों को सक्रिय एवं व्यवस्थित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्राथमिक उपचार किट सभी नगरीय निकायों में, हर निर्माण एजेंसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी विभागों में उपलब्ध होना चाहिए है। कचरा संग्रहण करने वाले सफाई कर्मियों को मुख्यमंत्री प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराएं। कृष्ण कुंज को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृष्णकुंज में साज-सज्जा, झुला, चेयर एवं अन्य व्यवस्था करें।

### आदिवासी समाज, महिला समूह, गौठान समूह, पंचायत प्रतिनिधियों का किया सम्मान

# भारी बारिश की बाधा भी नही रोक पाई कांग्रेस की "गौरव यात्रा"

राजनांदगांव

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं सीएम भूपेश बघेल के निर्देश अनुरुप 75 किमी. की पैदल यात्रा तय करने की शुरुआत हो गई। यात्रा के विधानसभा प्रभारी व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की अगुवाई में सिंघोला से इसकी शुरुआत हुई।**



मंगलवार सुबह 9 बजे सिंघोला मंदिर में मां भानेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ गौरव यात्रा की शुरुआत की गई। भारी बारिश के बीच भी गौरव यात्रा में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साह के साथ शामिल हुए। पहले दिन गौरव यात्रा सिंघोला से शुरू होकर सुरगी में समाप्त हुई। इस दौरान विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस ने आदिवासी समाज के सदस्यों का सम्मान किया और मंदिर परिसर में श्रमदान भी किया। आजादी की गौरव यात्रा के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांव-गली में भ्रमण के दौरान लोगों को आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों से जुड़ी वीरगाथा भी सुनाई। भारतमाता के प्रति राष्ट्रभावना पैदा करने का उद्देश्य लिए इस यात्रा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के संबंध में भी कांग्रेसियों ने जानकारी लोगों तक पहुंचाई। वहीं हाथ में तिरंगा लेकर निकली कांग्रेसियों की यात्रा में हुजूम उमड़ पड़ा। कांग्रेसियों ने गांव-गली में घूमकर देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर महान सेनानियों के जीवनकाल और उनकी उल्लेखनीय भूमिकाओं के संबंध में जानकारी दी। कांग्रेस की यह यात्रा विधानसभावार 14 अगस्त तक चलेगी। यात्रा में जिला संगठन प्रभारी अरूण सिसोदिया, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई ,महापौर हेमा देशमुख, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पदम कोठारी, युवा आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान,शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, आफ्ताब आलम, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, पंकज बांधव, हनी ग्रेवाल राजा त्रिपाठी नरेश शर्मा, फिरोज अंसारी, महेंद्रशर्मा, राजूखान घनश्याम देवांगन, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, अंगेश्वर देशमुख,जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, योगेंद्र वैष्णव अशोक फड्नवीस, अमित चंद्रवंशी, मनीष गौतम, संतोष पिल्ले, निखिल द्विवेदी, विनय झा, भागचंद साहू, मनीष साहू, मधुकर बाजारी,बबलू सोनी, मेहुल मारू बबलू सेन डामन वैष्णव, तुकज साहू, मूलचंदजैन, योगेंद्र प्रताप,समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

#### बारिश के बाद भी नहीं रुके कदम

मंगलवार को यात्रा के शुरुआत के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के कदम नहीं रुके। मूलसाधार बारिश के बीच शहर संगठन के प्रमुख नेता व कार्यकर्ता पदयात्रा में पूरे उत्साह के साथ मौजूद रहें। भारी बारिश की वजह से कुछ स्थानों पर यात्रा कुछ देर के लिए जरुरी रुकी। लेकिन निर्धारियत रुट के मुताबिक यात्रा पहले दिन पूरी हुई।

#### पदयात्रा के दौरान इनका हुआ सम्मान

सिंघोला में दिलीप ठाकुर, पतिराम साहू, रमन साहू, लताबाई, सरोज, ताराबाई साहू, भोथीपार में केशव हिरवानी, गोपाल निषाद, गुलाब पटेल, माधो साहू, साधुराम, दिव्या हिरवानी, पलटन राम निषाद, मुजुन पटेल, राजाराम फैक्ट्री से अब्दुल नईम शेख, स्वामीनाथ यादव, मलपुरी से तलखोर मंडावी, नंदू मंडावी, खुमेश्वरी, भारती साहू, सुलोचना का सम्मान हुआ।

यात्रा में प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, छग युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पदम कोठारी, खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान, प्रदेश गौ सेवा उपाध्यक्ष मन्ना यादव, आफ्ताब आलम, अंगेश्वर देशमुख, रोहित चंद्राकर जनपद उपाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस महासचिव शाहिद भाई, ग्रामीण महामंत्री एवं प्रवक्ता रूपेश दुबे, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, सविता ठाकुर, यहया खान, महेन्द्र शर्मा, नरेश शर्मा, फिरोज अंसारी, अमित चंद्रवंशी, हनी ग्रेवाल, मोहिनी सिन्हा, ज्योति शर्मा,मूलचंद जैन जयसवाल अजय मारकंडे राजेंद्र साहू, चिंतामणि साहू, नोखेलाल साहू, चुम्मन निषाद, लोकेश गंगवीर, चौत राम साहू, जीतू महिलांग, रोशन साहू भोज साहू, तारा बाई साहू सरोज साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व ग्रामीण शामिल हुए।

### जिले में भारी बारिश के चलते नदी नालों पर उफान होने से राजनांदगांव पुलिस द्वारा सुरक्षा के दृष्टि से किया जा रहा है उपाय।



राजनांदगांव

उप पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री प्रफुल्ल ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा जिले में हो रहे भारी बारिश के चलते अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले नदी-नालों उफान होने से राजनांदगांव पुलिस द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है साथ ही सुरक्षा के उचित उपाय भी किये जा रहें हैं। जिससे किसी भी तरह के जान-माल की हानि न हो। भारी बारिश के चलते बांधों से भी पानी छोड़ा गया है पुलिस द्वारा आसपास के गांवों में मुनादी भी कराया गया एवं संवेदन शील जगहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। जहां पर पुल के उपर से पानी बह रहा है वहां आवागमन बंद किया गया एवं गोताखोर टीम को भी तैयारी स्थिति में रखा गया है। आम जन से भी यह अपिल है उफान नदी-नालों के पास न जाये व किसी भी गंभीर स्थिति होने पर पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन को सूचना अवश्य दें।

#### राष्ट्रीयता की भावना के साथ उल्लास की अभिव्यक्ति के रूप में उत्साह एवं खुशी के माहौल में आजादी का जश्न मनाया गया

### आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कलेक्टोरेट के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का किया गया निर्माण



राजनांदगांव

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कलेक्टोरेट में कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का निर्माण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी एवं श्रीमती निष्ठा पाण्डेय ने तिरंगे का वितरण किया गया। राष्ट्रीयता की भावना के साथ उल्लास की अभिव्यक्ति के रूप में उत्साह एवं खुशी के माहौल में आजादी का जश्न मनाया गया। देश की एकता और अखंडता के संकल्प के साथ तिरंगा हमारा लहराता रहे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सिलाई मशीन से तिरंगा बनाया है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हमर तिरंगा अभियान के अंतर्गत घर-घर में तिरंगा लहराने के लिए सभी नागरिक एकजुट हुए है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे, नाजिर श्री पेंढारकर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## महापौर एवं आयुक्त को स्व सहायता समूह की दीदीयों ने किया झंडा वितरण

राजनांदगांव

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर झंडा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत हर घर झंडा फैहराने नगर निगम राजनांदगांव सीमा में संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों द्वारा झंडा का निर्माण किया गया है। झंडा विक्रय हेतु नगर निगम परिसर में स्टाल लगाया गया है, जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष



चतुर्वेदी ने झंडा क्रय कर शुभारंभ किया। स्व सहायता समूह की दीदीयों द्वारा 20 रूपये प्रति नग की दर से झंडा विक्रय किया जा रहा है।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि आजादी के 75वीं साल पूर्ण होने पर देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर झंडा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत झंडा फहराया जाना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के वीर जवानों ने अपनी प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया है। जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में चैन की सास ले रहे है।

### शिकारीटोला में आखरी सावन सोमवारी में हुआ विभिन्न कार्यक्रम - राजेश श्यामकर

**राजनांदगांव** । जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 के जिला पंचायत सदस्य भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश श्यामकर ने बताया कि ग्राम शिकारी टोला में आखरी सावन सोमवारी को लेकर महिलाओं के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा के द्वारा महिलाओं के लिए रस्साकशी और कुर्सी दौड़ का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर और पूर्व विधायक सरोजनी बंजारे ने रस्साकशी में भाग लिया। श्री श्यामकर ने आगे बताया कि सावन के सोमवार का बहुत अधिक महत्व होता है। सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। सोमवार का व्रत करने से भगवान शंकर की विशेष कृपा प्राप्त होती है। सावन का महीना भगवान शिव को अतिप्रिय होता है, जिस वजह से इस माह के सोमवार का महत्व सबसे अधिक होता है।

## मुख्य मार्गो में निकले भाजपाई दुकानदारों व व्यवसायियों से झंडा लगाने की अपील सरदार पटेल जी के प्रतिमा माल्यापर्ण से शुरू हुआ तिरँगा पदयात्रा

दुर्ग

हर घर तिरँगा अभियान कार्यक्रम तहत भाजपा द्वारा प्रारम्भ किए गए तिरँगा पदयात्रा के दूसरे दिन आज गंजपारा सदर मं डल में सरदार पटेल जी की प्रतिमा माल्यापर्ण से तिरँगा यात्रा की शुरुवात हुई इससे पूर्व आज जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के जन्म दिन पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर तथा मंदिर प्रांगण में केक काटकर व तिरँगा भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी ततपश्चात जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा मंडल अध्यक्ष दीपक चोपड़ा की अगुवाई में तिरँगा पदयात्रा प्रारम्भ हुई जो इंदिरा मार्केट, फरिश्ता काम्प्लेक्स, पोलसाय पारा चौक, होटल मान



चौक,मोती काम्प्लेक्स, जवाहर चौक गांधी चौक, शनिचरी बाजार,गंज पारा,नदी रोड, मिल पारा, महावीर कालोनी,डिपरा पारा कचहरी वार्ड 39 में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहाददुर शास्त्री जी की प्रतिमा में माल्यार्पण के साथ समाप्त हुई इस दौरान नेताओ व कार्यकर्ताओं ने सभी व्यसायियो से अपने अपने दुकानों व घरों में तिरँगा लगाने का आव्हान किया । इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री उषा टावरी,पूर्व विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व महापौर चंद्रिका चन्द्राकर जिला महामंत्री ललित चंद्राकर नटवर ताम्रकार उपाध्यक्ष संतोष सोनी,कांतिलाल जैन,मंत्री दिनेश देवांगन,मीडिया प्रभारी के एस चौहान,वरिष्ठ नेता शिव चन्द्राकर,कांतिलाल बोथरा, देवेंद्र चंदेल,अनूप गटागट, विनायक नातू मंडल अध्यक्ष लुकेश बघेल जिला भाजयुमो अध्यक्ष नितेश साहू,गजेन्द्र यादव , चैनसुख भट्टड़, सत्यनारायण शर्मा,संजय बोहरा,संतोष तिवारी,विनायक ताम्रकर,मनोज सोनी, राहुल पंडित ,संदीप जैन ,गुलाब वर्मा,मनोज शर्मा ,कृष्णा निर्मलकर, उमेश गोस्वामी,दीपक सिन्हा ,गौरव शर्मा, जितेन्द्र साहू हिमा साहू , गयात्री वर्मा सुनील साहू, ममता जैन गीता वर्मा , शायमा साव ,ऋषि यादव ,महेश यादव ,सतविंदर सिंह ,हेमंत गोयल ,राकेश दुग्गड़ मदन बधाई ,संतोष कोसरे,बंटी चसुषन राहुल भट्ट,छन्नू यादव ,महेंद्र दिल्लीवार ,शशि साहू, भूपत यादव ,निरजन दुबे , दौलत राजपूत, अभिनय शर्मा ,अजय चंद्रकार, मुकेश सोनकर , जैन ,राहुल सोनकर ,निशिकांत मिश्रा ,सुनील साहू ,कुंदन साहू,शुभम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजुद थे।


ऊँ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियां जोरों पर, तिरंगा ध्वज वितरण का हुआ शुभारंभ

### 12 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी का उद्घाटन

### 12 अगस्त को कारागार तथा दस गांवों के नागरिकों को तिरंगा ध्वज का वितरण और रक्षा बंधन



**वर्धा।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश वविद्यालय में आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियां जोरों से चल रही है। इसके अंतर्गत बुधवार 10 अगस्त को विश वविद्यालय में तिरंगा वितरण का शुभारंभ किया गया। प्रतिकुलपति प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल एवं प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट ने कर्मचारियों को ध्‍ वज वितरण का प्रारंभ किया। विश वविद्यालय ने एक किट तैयार की है जिसमें तिरंगा, रस्‍सी और तिरंगा फहराने की संहिता शामिल है। घरों पर तिरंगा फहराने के लिए बांस का डंडा अलग से दिया जा रहा है। विश वविद्यालय ने स्वयं हथकरघों पर खादी के तिरंगे तैयार किये हैं और विश वविद्यालय परिसर तथा आसपास के दस गावों में लगभग 1500 तिरंगे लगाए जाने वाले हैं। 13 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे विश वविद्यालय के 25 स्‍थलों पर एक ही समय एक-साथ तिरंगे फहराये जायेंगे। इसके बाद विश वविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेतर अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे। विभाजन विभीषिका स्मृति पर प्रदर्शनी का आयोजन भी विश वविद्यालय के वाच पति भवन में किया जाएगा जिसका उद्घाटन 12 अगस्‍त किया जाएगा।

इसी उपलक्ष्य में 13 अगस्‍त को प्रात: 7.30 बजे विश वविद्यालय परिसर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी जिसमें अध्‍ यापक, अधिकारी, केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी, विश वविद्यालय के शोधार्थी और विद्यार्थी तथा कर्मचारी सहभागी होंगे। 14 अगस्‍ त को सुबह 9 बजे से विश वविद्यालय के गांधी हिल से वर्धा शहर के विभिन्‍न स्‍मृति स्‍ थलों पर साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत 12 अगस्‍ त को वर्धा के कारागार में तथा आसपास के दस गावों में तिरंगा ध्‍ वज का वितरण और रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इस अभियान में विश वविद्यालय परिवार के सभी लोग बढ़-चढ़ कर सहभागिता कर रहे हैं। 15 अगस्‍ त को सांस्कृतिक संध्‍ या के अंतर्गत काव्‍ य पाठ, काव्‍ य मंचन तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# हमर तिरंगा अभियान: संसदीय सचिव श्रीमती सिंह ने ससम्मान लोगों से तिरंगा झण्डा फहराने की अपील की



**बिलासपुर।** संसदीय सचिव एवं तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने लोगों से 11 से 17 अगस्त के मध्य मनाए जाने वाले स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान अपने घरों, संस्थानों, दुकानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

संसदीय सचिव सिंह ने कहा है कि इस समय पूरा भारत देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसी सिलसिले में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा हमर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों से 11 से 17 अगस्त के मध्य मनाए जाने वाले स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान अपने घरों, संस्थानों, दुकानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया है। सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारे आन बान और शान का प्रतीक हैं। इस तिरंगे को लेकर सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपनी प्राणों की आहूति भी दी है, तब जाकर हमे 1947 में आजादी मिली है। आजादी मिले अब हमें 75 वर्ष हो गया है। 75 वर्ष से हम लोग आजादी में रह रहे है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जो भावना थी, उसे और उनके संघर्ष को याद कर प्रत्येक महिला और पुरुष को इस अभियान में जोड़ना है, इससे हमारे सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित होगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी अपने अपने घरों, संस्थानों, दुकानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाये। साथ ही स्वतन्त्रता सप्ताह के लिए बनाए गए विशेष तिरंगा मय डी पी फ्रेम को अपने प्रोफाईल फोटो में लगाएं। तिरंगा मय डी पी फ्रेम लगाने के लिए http//twb.nz/hamar-tiranga पर क्लिक करें।

# कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट के दौरे पर सीएमडी एसईसीएल



**बिलासपुर।** सीएमडी एसईसीएल डॉ प्रेम सागर मिश्रा, आज दोपहर फील्ड विज़िट पर कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट पहुँचे। व्यू प्वाइंट पर विभागध्यक्षों के साथ बैठक उपरांत उन्होंने 42 क्यूबिक मीटर शॉवल के साथ संचालित हो रहे ओबी पैच का निरीक्षण किया। इसके बाद , वे गोदावरी कोल पैच और फिर बरकुटा कोल-ओबी पैच में पहुँचे। उन्होंने सरफ़ेस माईनर का ऑपरेशन देखा तथा नए पैच के विकसित किए जाने से सम्बंधित प्रगति की जानकारी ली।

उत्खनन टीम को निर्देश देते हुए सीएमडी एसईसीएल ने कहा कि मशीनों की उपलब्धता तथा उनका उपयोग दोनों की अभिवृद्धि की दिशा में प्रयास किए जाएँ । उन्होंने ई एंड एम टीम से जल निकासी की व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए । वे नारायणी पैच भी गए।

खदान के निरीक्षण उपरांत उन्होंने माइनिंग एवं उत्खनन सँवर्ग के अधिकारियों की बैठक ली तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए हरसंभव कदम उठाने के निर्देश दिए । कुसमुंडा परियोजना एसईसीएल की हीं नहीं बल्कि कोल इण्डिया के मेगा प्रॉजेक्ट्स में महत्वपूर्ण स्थान रखता है । कल, एसईसीएल द्वारा प्रेषित 47 रेक कोयले में सर्वाधिक 18 रेक कुसमुंडा क्षेत्र के रहे ।

# शांता फाउंडेशन की गौ सेवा के हुए 365 दिन पूर्ण



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन बिलासपुर के द्वारा गौ सेवा के लिए प्रतिदिन 100 रोटी गुड़ के संकल्प को 1वर्ष पूर्ण हो गया इस दौरान संस्था के सभी सदस्यों से अपने घरों से रोटियाँ बनवा के हमें सहयोग के रूप में देने की अपील की,सभी ने बढ़ चढ़ कर हमारे कार्यालय में रोटियां भेजवाई इस दौरान हमे 3650 रोटियां एकत्रित हुईं।

शांता फाउंडेशन परिवार अपने जीव दया व सामाजिक सरोकरता के संकल्प को एक और कदम आगे बढ़ाते हुए एक नए संकल्प के साथ न्यायधानी बिलासपुर की इस पुण्य धरा को वृन्दावन बनाने के लिए कृष्ण की प्यारी गय्या मय्या की सेवा के लिए गौ रोटी सेवा का संकल्प पूरा किया। इसी सहयोग की हम आशा करते है की आप सभी इस रोटी सेवा संकल्प में हमारे साथ रहे और आगे साथ बनाये रखेंगे।

शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी नीरज गेमनानी ने कहा कि गौ रोटी सेवा से न्यायधानी बिलासपुर व अन्य जगहों में गय्या मय्या को भूखा और बीमार न रहने देंगे। आप भी गय्या मय्या से प्रेम करते है या गय्या मय्या की सेवा करना चाहतें है तो आप अपने जन्मदिवस बच्चो के जन्मदिवस शादी की सालगिरह माता पिता के या गुरुदेव के जन्मदिवस ईष्ट की कृपा या पितरो की शांति के लिए आप भी शांता फाउंडेशन बिलासपुर परिवार के इस सेवा के साथ जुड़े और दूसरे लोगो को भी इस परम पुनीत पुण्यशाली सत्यसनातन धर्म के काम के सहयोग करे। शांता फाउंडेशन के सचिव सुश्री नेहा तिवारी ने निवेदन किया कि शांता फाउंडेशन परिवार के इस गौ रोटी सेवा के लिए आप सम्पर्क कर जानकरी ले सकते है।

घर के बहार आई गौ को रोटी खिलाना बहुत पूण्य का काम है।हमें भगवान ने सम्पन्नता दी है तो हम कृतज्ञता रूप एक बड़ा कार्य गौ माँ के लिए कर सकते है।इस दौरान समाज सेवी नीरज गेमनानी,आनंद महाडिक, नेहा तिवारी, रुपाली पाण्डेय, जय प्रकाश तिवारी,दानेश्वर राजपूत, प्रितेश राठौर,प्रिया गुप्ता उपस्थित रहे।

# अप्रैल माह में चावल चोरी के मामले में खुलेंगे दबे मामले




**बिलासपुर।** बिलासपुर का खाद्य विभाग ऐसा विभाग है जो जनता से जुड़े होने के बावजूद भी जिम्मेदारी वाला काम और मलाई वाला विभाग ज्यादा नजर आता है. मलाईदार विभाग के साथ-साथ लंबे समय से जिले में चिपके रहने वाले निरीक्षक तो तानाशाही पर उतारू होते नजर आ रहे हैं दरअसल मामला अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह का है,, बिलासपुर नगर निगम के अंतर्गत मंगला के सखी महामाया महिला स्व. सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान से गाड़ी में भरकर गरीबों का चावल मार्केट खपाने ले जाया जा रहा था जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था इसकी सूचना खाद्य निरीक्षक मनोज बघेल को दी गई थी जिसके बाद उन्होंने सुरक्षा के तौर पर चावल से भरे ऑटो को सिविल लाइन थाने में खड़ा करवा दिया था इसके बाद विभाग में कागजी कार्रवाई तो पूरी हो गई है लेकिन 4 माह बीत जाने के बाद भी इस पर ना तो दुकान को सस्पेंड किया गया है और ना ही उसे कहीं अटैच किया गया है.. इससे साफ माना जा सकता है कि. धरातल पर खाद्य निरीक्षक मनोज बघेल अधिकारियों और जनता को ठेंगा दिखाते नजर आते हैं।

शहर के विभागीय नगर सेठ मनोज बघेल द्वारा शुरुआत में इसकी जानकारी अपने उच्चतर अधिकारी और तत्कालीन सहायक खाद्य निरीक्षक और खाद्य विभाग बिलासपुर के जनसूचना अधिकारी राजीव लोचन तिवारी को नहीं दी गई थी. जिसे प्रभारी खाद्य अधिकारी राजीव लोचन तिवारी खुलकर आज भी सबके सामने कहते नजर आते हैं. वही जब खाद्य निरीक्षक मनोज बघेल से इस बारे में पूछा जाता है तो मनोज बघेल बाबू के जरिए जानकारी पहुंचा देने की बात कहते नजर आते हैं.. ऐसे में सवाल उठता है कि अगर तत्कालीन समय में इस विषय को लेकर किसी के द्वारा आरटीआई में जानकारी मांगी जाती तो क्या राजीव लोचन तिवारी जानकारी में यह लिख देते कि मनोज बघेल ने मुझे नहीं बताया है.. इतना ही नहीं आज भी जब राजीव लोचन तिवारी को प्रभारी खाद्य अधिकारी का प्रभार मिला है तब भी मनोज बघेल अपने क्षेत्र में की गई कार्रवाई ओ की जानकारी देना जरूरी नहीं समझते हैं।

लॉकडाउन के बाद केंद्र सरकार ने गरीबों को मुफ्त में चावल बांटने का निर्णय निरंतर जारी रखा था. इस दौरान अप्रैल माह का चावल दुकानों में मई माह में पहुंचा था लेकिन कई दुकानदारों की चालाकी एवं बेईमानी और विभागीय नगर सेठ के अभय दान के सामने गरीबों की भूख और जरूरत कहां टिकने वाली थी मई माह में अप्रैल माह के चावल के आवंटन के कई मामले विभाग ने बनाएं और लगातार छापे मार कार्रवाई भी की जिसमें कई दुकानों में तो 100 क्विंटल चावल से अधिक का अंतर पाया गया है लेकिन मजाल है कि विभागीय नगर सेठ यहां से मलाई परोसने वाले दुकानदार का बाल भी बांका हो जाए. मई में अप्रैल माह का चावल डकारने और जांच को लंबे समय तक दबाने के मामले में विस्तृत जानकारी संख्या के साथ अगले अंक में आपके सामने प्रस्तुत की जाएगी।

### सेंट जेवियर्स स्कूल पत्थलगांव में राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन

**पत्थलगांव।** बुधवार को सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव में शालेय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राखी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देष्य ''बच्चों की सृजनात्मकता एवं आंतरिक गुणों को निखारने एवं राखी के महत्व को समझने के लिए अवसर प्रदान करना था।'' इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता उप प्राचार्य श्रद्धेय फादर सिलास टोप्पो के द्वारा किया गया। राखी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एन. छत्तर (सहायक विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी पत्थलगांव), विषिष्ट अतिथि धनु यादव (संकुल समन्वयक पत्थलगांव), नित्यानंद यादव (षिक्षक, कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पत्थलगांव), फा. फबियानुस खलखो (स्कूल प्रबंधक) थे।

### लिटिल लैजेन्ड्स किड्स स्कूल में नन्हे-मुन्हे बच्चों ने सेलिब्रेट किया - रक्षाबंधन पर्व

**जांजगीर चांपा।** लिटिल लैजेन्ड्स किड्स स्कूल परिसर में आज किड्स स्कूल के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने शिक्षिकाओं के उपस्थिति में रक्षाबंधन (राखी) पर्व उत्साहपूर्वक मनाया इस अवसर पर मुख्य अतिथि बलौदा बी.आर. सी. शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह क्षत्री साहब का किड्स स्कूल के शिक्षिकाओं ने शाल श्रीफल भेट कर आत्मीय अभिनंदन किया तत्पश्चात शिक्षा अधिकारी क्षत्री साहब ने नन्हे-मुन्हे बच्चों को संबोधित करते हुए रक्षाबंधन पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहे कि भाई-बहन के अटूट प्रेम एवं विश्वास के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन त्यौहार मे बहने अपने भाईओ के कलाइयों मे रक्षासूत्र स्वरूप राखी बांधकर रक्षाबंधन त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाते है।

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट कैम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सैंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर

| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |

मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# भूखे रहने के फायदे जानकर हफ्ते में एक दिन आप भी खाना छोड़ देंगे



वैसे तो बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी को खाना-पीना इतना पसंद होता है कि भूखे रहने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता, वो भी तब जब भूखे रहने की वजह कोई व्रत, उपवास, श्रद्धा या आस्था भी न हो। बीना इन वजहों के आपने शायद ही किसी को बस ऐसे ही एक दिन का भोजन छोड़ते देखा हो, लेकिन जब आपको ये पता चलेगा कि हफ्ते में एक दिन भोजन से दूरी बनाने से आपको कई सेहत फायदे हो सकते हैं, तो यकीनन आप भी ऐसा जरूर करेंगे।

■हफ्ते में एक दिन भूखे रहने से शरीर का आंतरिक शुद्धिकरण होता है। इससे शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं और शरीर स्वस्थ होता है।

■हफ्ते में एक दिन भूखे रहने से अपच, गैस, कब्ज, डायरिया, एसिडिटी, जलन आदि में फायदेमंद है। इस दौरान आप फलों का सेवन जरूर कर सकते हैं।

■हफ्ते में एक दिन भूखे रहने से शरीर में ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है, जिससे इनसे जुड़ी हेल्थ प्रॉब्लम्स में लाभ होता है।

■हफ्ते में एक दिन भूखे रहना दिल के लिए भी फायदेमंद है क्योंकि इससे कोलेस्ट्रॉल कम होता है जो हार्ट संबंधी परेशानियों का प्रमुख कारण है।

■आपका पाचन तंत्र बेहतर काम करे इसलिए भी आपको एक दिन का भोजन छोड़ देना चाहिए। सप्ताह में कम से कम 1 दिन भोजन से दूरी बनाने से पाचन तंत्र को राहत मिलती है और वह बेहतर कार्य करने के लिए तैयार होता है।

# हेयर कट कराने जा रही हैं? तो इन 5 बातों पर जरूर ध्यान दें



आमतौर पर सभी महिलाएं कुछ महीनों के अंतराल में अपनी हेयर स्टाइल से बोर होकर उसे बदलने का सोचती हैं। ये और भी जरूरी हो जाता है जब कोई तीज-त्योहार जैसा अवसर आने वाले होता है, क्योंकि अपनो के बीच में खूबसूरत दिखना कौन नहीं चाहता। लेकिन क्या हो अगर सही हेयर कट चुनने में हो जाए आपसे कोई गलती? ऐसा ना हो इसलिए जानिए 5 काम की बातें :-

### गलत हेयरकट न हो जाए

बालों को कटवाने से पहले हेयर स्टाइलिस्ट से जरूर पूछें कि आपके फेस पर कौन सा हेयर स्टाइल अच्छा लगेगा। उस हेयरस्टाइल का सैंपल उन्हें दिखाने को कहें और उसके बाद ही वैसे हेयरकट लें।

### गलत हेयर कलर न हो जाए

अपकी स्किन टोन के अनुसार ही बालों में कलर करवाएं। आमतौर पर भारतीय महिलाओं पर चमकदार रेड, बरगंडी और कॉपर रेड कलर अच्छे लगते है।

### समय-समय पर हेयरकट करवाना न भूलें

बालों को स्वस्थ रखने के लिए हर 6 महीने में उन्हें ट्रिम करवाते रहें। इससे वे कमजोर होकर नीचे से दो मुंहे नहीं होंगे।

### बालों की वॉल्यूम के हिसाब से लें हेयरकट


अगर आपके बाल बहुत पतले हैं तो भूलकर भी लेजर कट न करवाएं, क्योंकि ये कट बालों को और भी ज्यादा पतला और कम दिखाएगा। पतले बालों के लिए लेयर कट करवाएं, इनसे बालों में वौल्यूम आएगा और वे घने दिखेंगे।

### चिपचिपा हेयर प्रोडक्ट

पतले बालों में कभी भी चिपचिपा हेयर प्रोडक्ट न लगाएं।

# त्वचा के मस्सों को हटाने के घरेलू उपाय

त्वचा पर मस्से यूं तो किसी तरह की हानी नहीं पहुंचाते लेकिन यह लुक को प्रभावित करने के साथ ही कपड़ों के संपर्क में आकर घिसने पर जलन या दर्द का कारण बन सकते हैं। यह मस्से शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकते हैं। आमतौर पर स्किन के ऐसे पार्ट जहां फोल्ड्स बनते हैं वहां पर इनके होने के चांस बढ़ जाते हैं। इन मस्सों को कुछ घरेलू उपायों द्वारा हटाया जा सकता है।



### टी-ट्री ऑइल

टी-ट्री ऑइल में ऐंटीवायरल और ऐंटीफंगल प्रॉपर्टीज होती हैं। पहले मस्से वाले हिस्से को धो लें और फिर रुई की मदद से इस ऑइल को लगाएं। हल्के से उस पर मसाज करें और फिर बैंडेज लगा दें। इस प्रक्रिया को तब तक करते रहें जब तक मस्सा सूखकर त्वचा से अलग नहीं हो जाता।

### केले का छिलका

केले के छिलके में भी मस्से को सुखाने की क्षमता होती है। रात में केले के छिलके को त्वचा पर लगाएं और उस पर कपड़ा या बैंडेज बांध लें। इसे उतने दिन करें जब तक मस्सा हट न जाए।

### सेब का सिरका

सेब का सिरका आपको आसानी से मार्केट में मिल जाएगा। इसकी एक-दो बूंदें क्यू-टिप पर लें और मस्से पर लगाएं। इस हिस्से को 15 से 30 मिनट के लिए बांधे और फिर हिस्से को वॉश कर लें। सिरके में मौजूद ऐसिडिक क्वॉलिटी मस्से के टिशू को ब्रेक करती है जो उसे अलग होने में मदद करता है।

### बेकिंग सोडा

एक चम्मच बेकिंग सोडा में कुछ बूंदें कैस्टर ऑइल की मिलाएं। इस मिक्स को मस्से पर लगाकर मसाज करें और एक-दो घंटे बाद धो लें। तीन से चार सप्ताह में मस्सा त्वचा से हट जाएगा।

### सावधानी

यह बात ध्यान रहे कि इनमें से किसी भी चीज से अगर जलन या अन्य परेशानी हो तो तुरंत एरिया को वॉश कर लें। डॉक्टर से सलाह लें, चाहे तो मस्से को हटाने के लिए भी डॉक्टरी सहायता ली जा सकती है।

### लहसुन

लहसुन में भी ऐंटीफंगल और ऐंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं, इस वजह से यह भी स्किन टैग यानी मस्से को हटाने में मदद करता है। बस लहसुन की दो कलियां लें और उन्हें पीस लें। इस पेस्ट को मस्से पर लगाएं और एक घंटे बाद हिस्से को धो लें। दिन में दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

# रेड वाइन पीने से कम होगा मानसिक तनाव



रेड वाइन का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद है. कई शोधकर्ताओं ने भी माना कि इसमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो डिप्रेशन से निजात दिलाने में मदद करते हैं. दरअसल, रेड वाइन में मौजूद तनाव से निजात दिलाने वाला यह तत्व है रेसवेराट्रोल. इस एंजाइम की वजह से मानसिक तनाव काफी हद तक कम हो जाता है. इस सिलसिले में अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ बफेलो में सहायक प्राध्यापक यिंग जू ने कहा कि डिप्रेशन और मानसिक चिंताओं से परेशान लोगों के लिए रेड वाइन रेसवेराट्रोल दवाओं का एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है.

न्यूरोफार्माकोलॉग नाम की एक मैगज़ीन में प्रकाशित हुई यह स्टडी इस बात को उजागर करती है कि किस तरह रेसवेराट्रोल दिमागी प्रक्रियाओं को प्रभावित करता है. यह सेहत के लिहाज से भी काफी बेहतर है. रेसवेराट्रोल अंगूर और बेरी में पाया जाता है. रेड वाइन का निर्माण भी इन्हीं फलों से होता है. स्टडी में यह बात पता चली कि इसमें डिप्रेशन से निजात पाने के गुण हैं लेकिन इस बात का खुलासा अभी नहीं हो पाया है कि फॉस्टोडिएस्टरेज 4 (पीडीई4) से रेसवेराट्रोल का क्या कनेक्शन है. फॉस्टोडिएस्टरेज 4 भी एक एन्जाइम है और यह टेंशन को कण्ट्रोल करने वाले हार्मोन कॉर्टिकोस्टेरोन पर असर डालता है. जब लोग बहुत ज्यादा परेशान या डिप्रेशन में होते हैं तो बॉडी में इस हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है. इसके असर से डिप्रेशन और मानसिक चिंताएं काफी बढ़ जाती हैं.

# पानी पीकर आप कम कर सकते हैं डायबीटीज


बहुत से अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो डायबीटीज को दूर करने में भी पानी आपकी मदद कर सकता है। जी हां, आपने बिलकुल सही सुना। अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो अगर आप नियमित रूप से पानी पीते रहें तो खून में ग्लूकोज के बढ़े हुए लेवल को कम करने में मदद मिल सकती है। कुछ स्टडीज में यह बात साबित भी हो चुकी है कि पानी पीने से खून में मौजूद अतिरिक्त शुगर की मात्रा को यूरीन के रास्ते शरीर से बाहर निकालने में मदद मिलती है।

शरीर में वॉटर रिटेंशन को बनाए रखने में मदद करता है एक हॉर्मोन जिसका नाम है वैसोप्रेसिन और यह तब बढ़ जाता है जब आपके शरीर में पानी की कमी होती है। वैसे लोग जो अपने ब्लड शुगर लेवल को कम करना चाहते हैं या फिर सामान्य रूप से हेल्दी जीवन जीना चाहते हैं उन्हें हर दिन थोड़े-थोड़े अतंराल पर कम से कम 8 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए।

ब्लड शुगर लेवल पर सकारात्मक असर हो इसके लिए बेहद जरूरी है कि आप पानी पीने के साथ-साथ शुगरी ड्रिंक्स, ऐल्कॉहॉल और जंक फूड से दूर रहें। अगर आपको सादा पानी पीना पसंद नहीं है तो आप इसे टेस्टी और हेल्दी बनाने के लिए पानी में पुदीने की पत्तियां, नींबू और चुटकी भर नमक डाल सकते हैं। ये एक तरह से डिटॉक्सिफाइंग ड्रिंक का काम करेगा जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट के बैलेंस को बरकरार रखता है।

**इसमें कोई शक नहीं कि पानी सबसे हेल्दी और प्योर ड्रिंक है जोन सिर्फ हमारी प्यास बुझाता है बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। यही वजह है कि हर वयस्क को हर दिन कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीना चहिए। इंसान का 70 फीसदी शरीर पानी से बना है और शरीर की सभी क्रियाएं सुचारू रूप से चलें इसके लिए भी पानी बेहद जरूरी है। कुल मिलाकर देखें तो पानी के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते।**

# महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद है सोयाबीन जानिए इसके 5 फायदे



अगर अब तक आप सोयाबीन की सब्जी व व्यंजन खाना कम पसंद करते हैं। तो जो फायदे हम बताने जा रहे हैं, उन्हें जानने के बाद आप सोयाबीन आज से ही खाना शुरू कर देंगे। प्रोटीन और कई पोषक तत्वों से भरपूर सोयाबीन और उसके व्यंजनों को आप मजेदार स्वाद के लिए जरूर खाते होंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह सोयाबीन सेहत और सौंदर्य से जुड़े बेहतरीन फायदे भी दे सकता है। जानिए सोयाबीन के यह फायदे-

■सोयाबीन में प्रोटीन, कैल्शियम, फाइबर, विटामिन ई, बी कॉम्लेक्स, थाइमीन, राइबोफ्लेविन अमीनो अम्ल, सैपोनिन, साइटोस्टेरोल, फेनोलिक एसिड एवं अन्य कई पोषक तत्व होते हैं जो फायदेमंद होते हैं।

■इसमें भरपूर मात्रा में आयरन होता है जो खास तौर से महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद है और एनिमिया व ऑस्टियोपोरोसिस से बचाने में लाभप्रद है। वहीं कमजोरी होने पर भी यह बेहद असरदार है।

■सोयाबीन हड्डियों के लिए लाभदायक है। यह हड्डियों को पोषण देता है जिससे वे कमजोर नहीं होती और हड्डी टूटने का खतरा भी कम होता है। इसका सेवन हड्डियों की सघनता को बढ़ाने में सहायक है।

■ब्लडप्रेशर की समस्या होने पर सोयाबीन का सेवन फायदेमंद होता है। खास तौर से ब्लडप्रेशर बढ़ने की स्थिति में इसका सेवन ब्लडप्रेशर को नियंत्रित कर उसे बढ़ने से रोकता है।

■डाइबिटीज रोगियों के लिए भी यह कमाल का असर करता है और रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित कर उसे बढ़ने से रोकता है। इस तरह से आपकी डाइबिटीज नियंत्रण में रहती है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243












## खास खबर...

### बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए विधायक सन्त नेताम ने भिजवाया राशन सामग्री





**फरसगांव।** कोंडागांव जिले में बीते 2 दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसी क्रम में बड़ेराजपुर ब्लॉक के ग्राम कोपरा में भी नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ने के कारण पानी गांव में प्रवेश कर चुका है। जिसकी चपेट में 3-4 घर आ चुके हैं। बुधवार को इस घटना की जानकारी मिलते ही फरसगांव क्षेत्र में तिरंगा यात्रा कर रहे विधायक संतराम नेताम अपने कार्यकर्ताओं के साथ बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने ग्राम कोपरा हेतु रवाना हो गए थे। लेकिन रास्ते मे नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ने के कारण विधायक को आधे रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। विधायक संतराम के निर्देश पर उनके निज सहायक अमरनाथ राणा व अन्य कार्यकर्ताओं ने दूसरे रास्ते से ग्राम पंचायत कोपरा पहुंच कर बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिल कर उनका हाल जाना, तथा सभी परिवारों को पर्याप्त मात्रा में दैनिक उपयोगी राशन सामग्रियां भी उपलब्ध करवाया। साथ ही निज सहायक ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेकर एसडीएम व तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित भी किया है ।

### जिले में बारिश के बीच उत्साहपूर्वक मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस




**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में आदि विद्रोह सहित 44 महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया। वहीं मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और सामुदायिक वन संसाधन पत्र एवं व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टे प्रदान किया। इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण 09 अगस्त को कोण्डागांव के ऑडिटोरियम में किया गया। इस दौरान ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक केशकाल एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकारण संतराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत पारम्परिक साफा पहनाकर किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक केशकाल संतराम नेताम ने 87 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वनाधिकार मान्यता पत्र, 50 वनाधिकार पट्टेधारी हितग्रहियों को मनरेगा के तहत् भूमि सुधार-डबरी निर्माण आदि की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश, 25 किसानों को नलकूप एवं सोलर सिचाई पम्प की सहायता, 10 हितग्राहियों को बकरी एवं सूकरपालन हेतु सहायता तथा 10 हितग्राहियों को सौर पम्प स्थापना हेतु सहायता की स्वीकृति आदेश प्रदान किया। इसके साथ ही अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की अनुसूचित जनजाति ट्रेक्टर ट्राली योजनान्तर्गत धनोरा निवासी गणेश प्रधान को ट्रेक्टर की चाबी सौंपी और स्वरोजगार योजनांतर्गत मुलमुला के लुभेन्द्र भोयर को इलेक्ट्रीकल दुकान हेतु 3 लाख रूपए एवं चिंगनार निवासी कुमारी भवानी प्रधान को कपड़ा दुकान के लिए 2 लाख रूपए ऋण राशि का चेक प्रदान किया। इस मौके पर 10वीं बोर्ड के मेधावी 10 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक सन्त नेताम ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी संस्कृति का सम्मान करते हुए विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अवकाश की घोषणा की, जिससे आदिवासी समाज के लोग इसे महापर्व के रूप में उत्साह और उमंग के साथ मना रहे हैं। राज्य शासन आदिवासियों की संस्कृति-परम्परा को संरक्षित करने सहित सहेजने की दिशा में सकारात्मक पहल कर रही है। वहीं आदिवासी समाज के हितों की दिशा में निरन्तर कटिबद्ध होकर उनके आर्थिक-सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास को बढ़ावा दे रही है। जिसके फलस्वरूप आदिवासी समुदाय प्रदेश के चहुँमुखी विकास में व्यापक सहभागित निभा रही है। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिले में आदिवासी समाज के लोग प्रशासन के साथ मिलकर बेहतर सुझाव प्रदान कर रहे हैं।

# आकाश बायजूस ने लड़कियों के सशक्तीकरण और समावेशन के लिए लॉन्च किया 'एजुकेशन फॉर ऑल'

## अपने फ्लैगशिप नेशनल स्कॉलरशिप एक्जाम एएनटीएचई 2022 के तहत करीब 2,000 वंचित छात्रों और छात्राओं को स्कॉलरशिप और नीट एवं जेईई की निशुल्क कोचिंग देगा संस्थान

बिलासपुर

भारत सरकार की 'आजादी का अमृत महोत्सव' पहल के मौके पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान आकाश बायजूस ने 'एजुकेशन फॉर ऑल'के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए निजी कोचिंग में छात्राओं के सशक्तीकरण एवं समावेशन के लिए बड़ी पहल का एलान किया है। इसके तहत वंचित परिवारों के 7वीं से 12वीं कक्षा के करीब 2000 छात्रों, विशेषरूप से लड़कियों को नीट एवं जेईई की निशुल्क कोचिंग एवं स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। दिल्ली के एयरोसिटी में जेडब्ल्यू मैरिएट होटल में मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ देश में 45 स्थानों पर एक साथ इस पहल की लॉन्चिंग की गई। दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम में आकाश बायजूस के चेयरमैन श्री जे. सी. चौधरी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री आकाश चौधरी और सीईओ श्री अभिषेक माहेश्वरी व कंपनी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आकाश बायजूस के पूर्व छात्र भी उपस्थित रहे, जो एएनटीएचई के माध्यम से संस्थान से जुड़े थे। पूर्व छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।




इस प्रोजेक्ट के तहत चयनित छात्र आकाश बायजूस के नेशनल टैलेंट हंट एक्जाम ङ्क 2022 (एएनटीएचई 2022) में हिस्सा लेंगे। यह संस्थान की फ्लैगशिप स्कॉलरशिप परीक्षा है, जो देशभर में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 5 से 13 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। टॉप 2,000 छात्रों को नीट एवं आईआईटी-जेईई के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय कोचिंग प्रोग्राम में शुमार आकाश बायजूस की निशुल्क कोचिंग का मौका मिलेगा।

लाभार्थी छात्रों की पहचान के लिए आकाश कुछ चुनिंदा एनजीओ के साथ साझेदारी करेगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर तबके के छात्रों, परिवार में इकलौती लड़की और सिंगल पैरेंट (मां) वाले बच्चों को नॉमिनेट करेंगे। पूरे भारत में आकाश बायजूस के करीब 285 से ज्यादा सेंटर हैं और यह देश के किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट की सर्वाधिक शाखाएं हैं। हर सेंटर पर औसतन 9 क्लासेज होती हैं।

'एजुकेशन फॉर ऑल'पहल को लेकर आकाश बायजूस के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री आकाश चौधरी ने कहा,'इस इंडस्ट्री में इतने समय से कार्य करते हुए हमने अनुभव किया कि हमारे देश में लगातार मेडिकल एवं इंजीनियरिंग को लेकर महत्वाकांक्षा बढ़ रही है। हमारे युवा इन दोनों क्षेत्रों में स्वयं के विकास एवं सामाजिक योगदान को लेकर मौजूद संभावनाओं और अवसरों को समझ रहे हैं। हालांकि ऐसे लाखों छात्र हैं जिनके लिए निजी कोचिंग संस्थानों में जाना संभव नहीं होता है, जबकि ऐसी कोचिंग प्रवेश परीक्षा पास करने की उनकी संभावना को बढ़ा सकती है। लड़कियों के मामले में मुश्किल और भी बढ़ जाती है, क्योंकि बहुत से परिवार लड़कियों की शिक्षा पर बहुत ज्यादा खर्च नहीं करना चाहते हैं। इस कारण से वंचित समुदाय के छात्रों, विशेषरूप से लड़कियों के लिए मौके और भी कम हो जाते हैं। 'एजुकेशन फॉर ऑल'के माध्यम से हम ऐसे छात्रों के लिए प्रोफेशनल कोर्सेज की कोचिंग के अवसर को बढ़ाने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास कर रहे हैं।'

उन्होंने जोर देकर कहा कि इन छात्रों की कोचिंग की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इस पहल के पीछे हमारा विचार है कि आकाश बायजूस के प्रत्येक केंद्र को केवल कोचिंग के मामले में ही नहीं, बल्कि समावेशन एवं महिला सशक्तीकरण के मामले में भी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का सबसे तेजी से बढ़ता नेटवर्क बनाया जाए। हमें भरोसा है कि इस पहल को गरीब परिवारों, इकलौती बेटी वाले परिवारों एवं सिंगल पैरेंट (मां) की तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी।' एजुकेशन फॉर ऑल पहल के तहत मिलने वाली स्कॉलरशिप एएनटीएचई स्कॉलरशिप के अलावा होगी। पहले की ही तरह 13वें संस्करण यानी एएनटीएचई 2022 के तहत मेरिट वाले छात्रों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। इनके अतिरिक्त 5 छात्रों को अपने एक अभिभावक के साथ नासा जाने का मौका भी मिलेगा। अपनी लॉन्चिंग से अब तक एएनटीएचई ने 33 लाख से ज्यादा छात्रों को स्कॉलरशिप दी है। एएनटीएचई एक घंटे की परीक्षा है। एएनटीएचई ऑनलाइन का आयोजन परीक्षा के सभी दिनों में आकाश बायजूस के सभी 285 से ज्यादा सेंटर में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक होगाऔरऑफलाइन परीक्षा 6 और 13 नवंबर को दो शिफ्ट में सुबह 10:30 से 11:30 और शाम 4:00 से 5:00 बजे होगी। छात्र अपने हिसाब से कोई स्लॉट चुन सकते हैं।

एएनटीएचई में कुल 90 अंक होते हैं। इसमें 35 मल्टीपल चॉइस प्रश्न होते हैं, जो छात्र की कक्षा एवं स्ट्रीम के हिसाब से होते हैं। सातवीं से नौवीं कक्षा के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ और मेंटल एबिलिटी के प्रश्न होते हैं। कक्षा 10 के छात्रों के लिए मेडिकल की तैयारी करने वालों की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं मेंटल एबिलिटी के प्रश्न होते हैं, जबकि इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ और मेंटल एबिलिटी के प्रश्न होते हैं। नीट की तैयारी कर रहे 11वीं एवं 12वीं के छात्रों की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बोटनी और जूलोजी के प्रश्न आते हैंतथा इंजीनियरिंग के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्रीऔर मैथ के प्रश्न आते हैं।ध्यान दें : * एएनटीएचई एक घंटे की परीक्षा है, जिसका आयोजन 5 से 13 नवंबर, 2022 तक होगा।

देशभर में आकाश बायजूस के सभी 285 से ज्यादा केंद्रों में एएनटीएचई ऑनलाइन का आयोजन परीक्षा के सभी दिनों में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच होगा, जबकि ऑफलाइन परीक्षा का आयोजन 6 नवंबर और 13 नवंबर को दो शिफ्ट सुबह 10:30 से 11:30 बजे और शाम 4 से 5 बजे के बीच होगा।छात्र अपनी सुविधा के अनुसार कोई एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं। एएनटीएचई 90 अंकों की परीक्षा है, जिसमें 35 मल्टीपल चॉइस प्रश्न होते हैं, जो परीक्षा में बैठने वाले छात्र की कक्षा एवं स्ट्रीम के अनुसार होते हैं।

# प्राथमिक शाला गोदलदण्ड में पांचवी के छात्र नही जानते जिले के कलेक्टर का नाम




**बड़गाव।** अति संवेदन शील क्षेत्र में शिक्षा का स्तर का हाल बेहाल हैं भले ही शासन प्रशासन शिक्षा को लेकर कई प्रकार के योजनाओं को संचालित कर बच्चों के शिक्षा को लेकर अलख जगाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सारी शिक्षा की पोल अंदुरनी स्कूल में जाकर जानने में पता चलता है की शिक्षा का स्तर कितना कमज़ोर हैं।

बच्चों के ज्ञान का स्तर जानने के लिए संवेदन शील क्षेत्रों का स्तर जानने के लिए मीडिया की टीम स्कूल की निरीक्षण करने के लिए विकाशखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत नागलदण्ड के आश्रित ग्राम गोदलदण्ड निकली इस स्कूल को देखने से ऐसा लगता हैं की वर्षों पुरानी स्कूल हैं जो अब जजर्र हाल में हैं न स्कूल की रंगाई पोताई कभी हुई नही ऐसा लगता हैं की यहा कोई स्कूल ही नही हैं जब हमने स्कूल की ओर निकल पड़े तब हमने शिक्षा का स्तर जानने की कोशिश की तब हमें पता चला की इस गांव में 10 परिवार रहते हैं और इसमें बच्चों की संख्या मात्र पांच हैं मनीषा कोरचा जो तीसरी की छत्र हैं संगीता कोरचा तीसरी की छत्र हैं बसंती मंडावी दूसरी की छत्र संजू कोरचा 5 वी के छत्र शिवम कोरचा 4 थी की छत्र हैं इन बच्चों को पड़ने के लिए दो शिक्षक पदस्त हैं जिनके हाथों इन बच्चों का भविष्य हैं लेकिन जब हमने पांचवी के छत्र से हमने बात किया सबसे पहले हमने उनको अपने स्कूल का नाम पूछा छत्र ने अपने स्कूल का नाम नही बता पाया जिसके बाद कलेक्टर ओर विधयाक मुख्यमंत्री के नाम पूछने1 पर छत्र ने कोई जवाब नही दिया जिससे आप अंदाजा लगाइए की विकाशखण्ड कोयलीबेड़ा के कई स्कूल जो अंदुरनी इलके में हैं जहां बच्चों के स्तर का हाल क्या होगा इन स्कूल ने न तो कोई अफसर झकाने जाते हैं ओर न ही बीईओ जाते हैं जिससे यहां बच्चों के ज्ञान का हाल उच्च अधिकारी पता लगा सके इस स्कूल में 2 शिक्षक पदस्त हैं प्रधानपठक मनोरंजन बिस्वाश और रविन्द्र कुंमार दरपट्टी नियुक्त हैं अब आप खुद सोचिए की 5 बच्चों के लिए दो शिक्षक पदस्त हैं जिन्हें जिले के कलेकटर का नाम स्कूल का नाम पता नही हैं कई स्कूल में सामान्य ज्ञान का चार्ट तक लगा नही हैं।

### पोदला उरसकना अभियान का हुआ समापन, पौधे लगाने ग्रामीणों को किया जागरुक



फरसगांव

कोंडागांव जिले के बड़ेडोंगर थाना पुलिस ने 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बड़ेडोंगर के दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण में पौधारोपण कर पुलिस प्रशासन के द्वारा शुरू किए गए पोदला उरसकना अभियान का समापन किया है। वही थाना प्रभारी ओंकार दीवान ने बताया विश्व आदिवासी दिवस पर पौधारोपण कर जल, जंगल, जमीन बचाने का संकल्प लेकर फलदार एंव छायादार पौधे लगाए गए हैं और पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए ग्रामीणों को जागरुक भी किया गया।

इस दौरान बड़ेडोंगर थाना प्रभारी ओंकार दीवान, उप निरीक्षक अलील चंद, सहायक उप निरीक्षक मनमोहन जैन, सुदर्शन मजूमदार, उमेश मंडावी, प्रधान आरक्षक ऋतुराज सिंह, पवन मंडावी, मनु मरकाम, मनीराम मरकाम, महाराणा प्रताप भूवार्य, आरक्षक नुमेन्द्र भूवार्य, मोहन गोरे, सुखमन नेताम, विशनाथ नेताम, ओंकार देहारी, सहायक आरक्षक सोमनाथ नेताम, जयराम नाग, नारायण शार्दूल, उपसरपंच राधे श्रीवास, मुरली प्रधान ग्राम प्रमुख, गणेश यादव, किशोर सेठिया सहित अन्य उपस्थित रहे ।




























## नगर पालिका अध्यक्ष ने दी नगर वासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

**तिल्दा नेवरा।** पालिकाध्यक्ष लेमीछा गुरु डाहरिया ने कहा की भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के खूबसबरत रिश्तों में से एक है. इसमें लड़ाई-झगड़े और तकरार के साथ ही एक दूसरे के लिए निस्वार्थ प्रेम भी होता है. भाई-बहन ही एक दूसरे के सबसे पहले और सबसे करीबी दोस्त होते हैं. इसी प्यारभरे रिशते को और खास बनाने के लिए हर साल रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है। वो लड़ना, वो झगड़ना और वो मना लेना,यही होता है भाई-बहन का प्यार,और इसी प्यार को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है रक्षाबंधन का त्योहार। खुशियों का धागा, यादों का धागा,दोस्ती का धागा, मन का धागा, भाई की कलाई पर बहन ने प्रेम से बांधा..उतनी जिंदगी हो तेरी.. किसी की नज़र न लगे,दुनिया की हर खुशी हो तेरी..रक्षाबंधन के दिन भगवान से बस यह दुआ है मेरी!

## बेमेतरा में नवजीवन फ़उंडेशन की आधिकारिक बैठक रखी सम्पन्न

**बेमेतरा।** बेमेतरा मैं नवजीवन फउंडेशन की आधिकारिक बैठक रखी गयी जिसका मुख्य उद्देश्य महिला प्रकोष्ठ के गठन करने के लिए बैठक में मुख्य रूप से फाउंडेशन के संस्थापक मिश्रा ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों को महिला प्रकोष्ठ के कार्य प्रणाली एवं फ़उंडेशन सहित उनके कार्यों की जानकारी दी। तथा इस बैठक में नारी शक्ति की परिचायक , समाज पुनिर्माण में एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों में तथा समाज में महिलाओं की बेहतर विकास के उद्देश्य से समाज हित में कार्य करने के लिए धारा एवं हरिण मैम भी उपस्थित रहे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर जिला स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम सम्पन्न

# अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से हुए लाभान्वित

**जांजगीर चांपा।** सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित हुआ। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वर्चुअल कार्यक्रम प्रसारण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आज का दिन आदिवासी भाईयों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। अपने उद्बोधन में उन्होंने प्रदेश के सभी महापुरुषों का स्मरण किया। आजादी की लडाई में आदिवासियों की भूमिका अहम् रही है। उन्होंने कहा हमारी सरकार आदिवासी संस्कृति को सहेजने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ शासन की नीतियों के



कारण आदिवासियों की संस्कृति के संरक्षण के साथ ही आर्थिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है, जिसके कारण आदिवासी समुदाय की खुशियां कई गुना बढ़ गई हैं। उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 11 से 17 अगस्त तक मनाये जाने वाले स्वतंत्रता सप्ताह में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने और हर घर में तिरंगा लगाने की अपील की।आदिवासी दिवस के अवसर पर विभिन्न ब्लाकों से आए आदिवासी हितग्राहीयों को वन अधिकार पुस्तिका तहसील बलौदा के ग्राम बकसरा के कृष्ण बिहारी पिता मकरम तवंर, उमा प्रताप पिता मकरम तवंर, ग्राम अंगारखार के तिहार पिता दुकालू बिंझवार, ग्राम पंतोरा गोकुल पिता आनंद गोंड़, रामसिंह सिदार गोंड़, जिला अन्त्याव्सायी द्वारा अनुसूचित जन जाति ट्रेक्टर ट्राली योजना के तहत डभरा के निलाम्बर सिंह जगत को ट्रेक्टर-ट्रॉली वितरण किया गया। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सीईओ फरिहा आलम सिद्दीकी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आदिवासीजन उपस्थित थे।

# बेहाल तिल्दा नेवरा की सड़कें बड़ी दुर्घटना की इंतजार



तिल्दा नेवरा। शहर की सड़कें बेहद खराब हो गया है, आम लोगों का चलना हो रहा हैं मुश्किल जितनी भी शहर के अंतर मार्ग है उस पर चलना खतरों से खाली नहीं है। सड़क पर चलते हुए लोगों को एक एक फीट गड्ढों का समना कर के अपनी मंजिल की ओर बढ़ने पर मजबूर , तिल्दा नेवरा की शासन प्रशासन अपनी आंखों पर पट्टी बांध कर बैठी हुई है। गड्ढों में पानी भर जाने से पता ही नहीं चलता की सड़क है की गड्ढे स्थानीय प्रशासन बड़ी दुर्घटना की इंतजार में हैं सायद जनता के आवाज़ उठाने पर भी उनके आंखों की पट्टी नहीं खुलती बरसात में गड्ढों का तथा गर्मी में धूल का सामना करना पड़ता है।

कुछ दिनों पूर्व शहर के स्टेशन रोड तथा सिंधी कैंप रोड का डामरीकरण हुआ है डामरीकरण ऐसा हुआ है एक ही बरसात में उखाड़ना शुरू हो गया शासन प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जिम्मेदार ठेकेदार के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की तथा उस रोड की मरम्मत भी नहीं किया गया सड़क पर चलते हुए आम जनों को भारी गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है।

# भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष बनें सांसद अरुण साव

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र , अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपनी विकास यात्रा प्रारंभ करने वाले , बिलासपुर लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने वालें , सहज-सरल और मृदुभाषी , सासंद आदरणीय युत अरुण साव जी को छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेताओं में हर्ष व्याप्त हैं और वे मिठाई बांटकर खुशियां मना रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी , छत्तीसगढ़ के संगठन सह-प्रभारी और विभिन्न धार्मिक , सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े भाजपा नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ अंचल में वर्षों के बाद अपनी पकड़ मजबूत करने वाला एक नौजवान मिला हैं। केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी सत्तारुढ़ हैं और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ अंचल में उसकी सरकार बनाने के




लिए अरुण साव जैसे ही दमदार जीवंत इन्सान की आवश्यकता थी , जिसे अमित शाह और नरेंद्र मोदी की टीम ने कर दिखाया हैं । निश्चित ही अरुण साव जी के नेतृत्व में आगामी 2023 के चुनाव में भाजपा सत्ता में शानदार वापसी करेंगी । बहुत ही सुंदर अवसर हैं संगठन के विस्तार के लिए और पार्टी कार्यकर्ताओं को नवस्फूर्ति प्रदान करने के लिए बहुत-बहुत बधाईयां।

शशिभूषण सोनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का एक ऐसा संगठन हैं, जिसके समतुल्य अनेक सेवाभावी संगठन कार्यरत हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसके अनु संघागिक संगठन हैं।संघ परिवार ने ही स्वयंसेवक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सन 1951 में भारतीय जनसंघ का घटन किया था। देश की राजनीतिक गरिमा की चकाचौंध से अभिभूत नौजवानों को राजनीति में लाकर जनसेवा करने का अवसर प्रदान करता हैं। स्वयंसेवक लालकृष्ण आडवाणी जी ने अपने संगठन के बल पर दो सीटों से 182 पर लाए थे जिसें स्वयंसेवक नरेंद्र मोदी जी ने 282 से ज्यादा पर पहुंचा दिया। स्वयंसेवक से अपना जीवन शुरू करने वाले और विद्यार्थी परिषद में रहते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा राजनीति में प्रवेश करने वाले सदपुरुष , नेकदिल इंसान अरुण साव जी बिलासपुर के सांसद हैं और उन्हें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ता प्रफुल्लित हैं। उनमें नवजीवन का संचार हुआ हैं। अरुण साव जी का प्रदेशाध्यक्ष बनना पार्टी एवं अनु-संघागिक संगठनों के लिए लाभप्रद होगा। साव जी के विलक्षण प्रतिभा, कार्य पद्धति और सक्रियता का लाभ पूर्ण रूप से संगठन से जुड़े लोगों को मिलेगा। सुव्यवस्थित कार्य योजना के प्रतिफल स्वरूप ही भाजपा छत्तीसगढ़ अंचल में अपनी पैठ पुन: बनाने में कामयाब होगा। साहित्यकार शशिभूषण सोनी ने एक संदेश प्रेषित करते हुए अरुण साव जी को बधाईयां एवं मंगलकामना व्यक्त किया हैं।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा: देश का हर नागरिक आजादी के 75वे वर्ष मे तिरंगा फहराने लालायित- केदार कश्यप

**नारायणपुर।** देश भर मे भाजपा के राष्ट्रिय नेतृत्व के आवाह्न पर पार्टी द्वारा सभी जिलो मे तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है इसी क्रम मे आज नारायणपुर जिला भाजपा के द्वारा जिला भाजपो कार्यालय से यात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी और वापस भाजपा कार्यालय मे पहुंच कर संपन्न हुई,इससे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पार्टी नेता व कार्यकर्त्ता सुबह 10 बजे से ही भाजपा कार्यालय मे एकत्र हुये उसके बाद तिरंगा यात्रा निकली जिसमे सभी नेता व कार्यकर्त्ता हाथ मे तिरंगा लिये चल रहे थे।पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप भी तिरंगा यात्रा मे शामिल



हुये वही जिला भाजपा पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्त्ता इस दौरान हाथो मे तिरंगा झंडा लेकर देश प्रेम का संदेश सभी को देते नजर आये।इस दौरान केदार कश्यप ने कहा की आजादी के 75 वे वर्ष को अमृत महोत्सव के रुप मे मनाते हुये देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की है,उसी को भाजपा आगे बढ़ाते हुये एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा लेकर तिरंगा यात्रा निकालते हुये एकता और भाईचारा का संदेश सभी को दे रही है,आज देश का हर नागरिक आजादी के 75 वर्ष के दौर मे एक राष्ट्रीयता की भावना को लेकर तिरंगा फ्हराने को लालायित है।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन सहित सैकडों की संख्या भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता शामिल हुये।

# मुस्लिम युवा संगठन ने इमाम हुसैन की याद में चौक में पिलाया शरबत



**दल्लीराजहरा।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व नगर में कोरोना गाइडलाइन के पालन करते हुए शांति और सद्भाव के साथ मनाया गया नगर के मुस्लिम युवा संगठन द्वारा आदिवासी रैलियों में शामिल लोगों सहित अन्य लोगों को मीठा शरबत का वितरण किया गया मोहर्रम पर्व के अवसर पर शरबत वितरण का आयोजन मुस्लिम युवा संगठन द्वारा किया गया था युवा संगठन के सदस्यों प्रमुख नफीस बडगूजर शब्बीर कुरैशी आज़ाद अली फ्राज़ हुसैन हसीब खान शेख शोहेब शेख साहिल साहिल कादरी मोशिन अंसारी महोमद सैफ नदीम बड़गुर्जर सलामत सहीद आकिब फ्रहान जिसन नवाज़ अरसद रेहान इरफान अदनान अज़ीम अनीस अब्दुल फैज़ान हसीन जो कि मुस्लिम युवा संगठन के

लोग ने स्टाल लगाकर आदिवासी रैली में भाग लेने आए सैकड़ों लोगों को शर्बत का वितरण किया इस मौके पर मुस्लिम कमेटी के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस विभाग का भी सहयोग सराहनीय रहा आयोजन को सफल बनाने में मुस्लिम युवा संगठन के अनेक युवाओं का योगदान रहा।

### आईटीबीपी ने जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया हर घर तिरंगा उत्सव

# छात्राओं ने जवानों की कलाइयों पर राखी बांध रक्षा का लिया वचन



**नारायणपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय गरांजी नारायणपुर में भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस के सौजन्य से भारत सरकार द्वारा, स्वंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी छात्र छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों को तिरंगा भेंट किया गया। सभी की उपस्थिति में ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान द्वारा तिरंगे का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आई.टी.बी.पी. के असिस्टेंट कमांडेंट, निशांत जादे ने अपने उद्बोधन से सभी में देशभक्ति की भावना जागृत करते हुए तिरंगे का सम्मान करने का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने देश की रक्षा करने वाले, आई.टी.बी.पी. के जवानों की कलाइयों पर राखी बांध कर उनसे रक्षा का वचन लिया। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चे और शिक्षक काफी उत्साहित नजर आए।

summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(नि:शुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

Authorised For :
SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# मजदूरों के भविष्य निधि में हो रही धोखाधड़ी : एचएस मिश्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बोर्ड की बैठक गत दिनों रायपुर के ईपीएफओ कार्यालय में हुई। इस बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बोर्ड के सदस्य एवं वरिष्ठ श्रमिक नेता एचएस मिश्रा ने ठेका व फैक्ट्री मजदूरों के साथ भविष्य निधि में बहुत धोखाधड़ी होने की बात रखी। जिस पर बोर्ड के चेयरमेन एवं कमिश्नर ने भविष्य निधि में गड़बड़ी करने वाले संस्थान के खिलाफलिखित में शिकायत होने पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बोर्ड के सदस्य ने बैठक में रखी बात
- लिखित में शिकायत होने पर कार्रवाई का चेयरमेन व कमिश्नर ने दिया भरोसा



कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बोर्ड के सदस्य के रूप में बैठक में हिस्सा लेते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता एचएस मिश्रा ने बताया कि कुछ कंपनी, ठेकेदार, कंपनी मालिक उद्योगपति भविष्य निधि की कटौती करते हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिनके द्वारा भविष्य निधि की कटौती बिल्कुल भी नहीं की जा रही है।

जो लोग कटौती कर रहे हैं उनमें से 20 प्रतिशत एजेंसियों को छोड़कर बाकी के 80 प्रतिशत एजेंसी पूरे हाजिरी पर भविष्य निधि की कटौती नहीं करती है। श्री मिश्रा ने बताया कि बैठक में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन ईपीएफ सामाजिक सुविधा सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के स्तर पर भी समस्याओं के निराकरण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बोर्ड की बैठक में ठेका कामगारों की समस्याओं को रखा गया है। इसमें यह बात भी शामिल है कि अधिकांश ठेकेदार मजदूरों का ईपीएफ समय पर जमा नहीं कराते हैं। इसी तरह कम राशि जमा कराने की शिकायत पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया। बोर्ड के सदस्य संस्थानों में क्रमवार पहल कर सूची तैयार करेंगे। उस सूची को कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय रायपुर को प्रेषित की जाएगी।

कर्मचारी भविष्य निधि में गड़बड़ी और धोखाधड़ी की शिकायतों पर बोर्ड के चेयरमेन एवं कमिश्नर ने सभी सदस्यों से कहा कि अगर ऐसी गलती या लापरवाही मजदूर हित के प्रति हो रही है तो कंपनी, कारखाना, ठेकेदार व एजेंसी के व्यक्तिगत फर्म के नाम से लिखित शिकायत करें। शिकायत मिलते ही तत्काल प्रभाव से जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्रमिकों को शत प्रतिशत उनके भविष्य निधि का योगदान दिलाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि बोर्ड के सभी सदस्य जो भी शिकायत करेंगे उसे ही अधिकृत माना जाएगा।

# बरसते पानी में तिरंगा लहराते कांग्रेसियों ने निकाली गौरव यात्रा अहिवारा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कैबिनेट मंत्री रुद्र कुमार के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय पदयात्रा अहिवारा वार्ड क्रमांक 1 संतोषी मंदिर में पूजा अर्चना कर शुरू की जिस जोश और जुनून से आजादी के दीवानों ने 75 साल पहले देश को आजाद कराया था आज आजादी के हीरक महोत्सव के अवसर को यादगार बनाने के लिए कांग्रेस की गौरव यात्रा भी उसी जोशीले अंदाज में निकली, जोश का जज्बा इस कदर रहा कि तेज बारिश में भी तिरंगा लहराते मंत्री जी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता भीगते रहे, जोश से नारे लगाते हुए पदयात्रा जारी रखें देश भक्ति भरे गीतों के साथ अमर सेनानियों का स्मरण करते रहे देशभक्ति के संदेश देने वाले नारे लगातार गूंजते रहे।

अहिवारा बस स्टैंड में सभा के दौरान यह बताया कि इतिहास गवाह है कांग्रेस के महान शहीदों ने देश को आजाद कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, पदयात्रा के माध्यम से स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास उसकी भावना और बलिदान का व्यापक प्रचार प्रसार किया, देश प्रेम की भावना से कंधे से कंधा मिलाते हुए इस गौरवशाली पदयात्रा को अय्यप्पा मंदिर में सभा संपन्न करते हुए पद यात्रा का समापन किया इस गौरवमई पदयात्रा में विशेष रुप से कांग्रेस सेवा दल की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग प्रदान किया, इस गौरवमई पदयात्रा में प्रमुख रूप से निर्मल कोसरे, सरस्वती रात्रे, कैलाश नाहटा, नागमणि साहू, ओनी महिलांग, हीरा वर्मा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल नाविक, विजय साहू, एवं कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ता साथ में सेवा दल के कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# भिलाई ने स्वच्छता में मारी बाजी, चौथी बार हुआ ओडीएफ प्लस प्लस घोषित


श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केंद्रीय सर्वेक्षण टीम की रिपोर्ट पर भिलाई को ओडीएफ प्लस प्लस होने की घोषणा की पुष्टि की गई है। महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर तथा तत्कालीन आयुक्त प्रकाश सर्वे के कुशल नेतृत्व में भिलाई ने एक पड़ाव पार कर लिया हैं।

अक्टुबर 2014 से भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किए गए स्वच्छ भारत मिशन के तहत् निगम भिलाई, भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहकर पुरे देश में अपना अहम स्थान बनाता रहा है। नगर निगम भिलाई चौथी बार ओडीएफप्लस प्लस घोषित हुआ है। खुले में शौच मुक्त के लिए भिलाई निगम ने वर्ष 2014-15 से निजी शौचालय निर्माण का कार्य प्रारंभ किया था उस दौरान तकरीबन 17929 निजी शौचालय तैयार किए गए। वर्ष 2017 में पहली बार भिलाई निगम ओडीएफघोषित हुआ, जुलाई 2018 में पुनः ओडीएफका दर्जा प्राप्त हुआ, 26 दिसंबर 2018 में पहली बार ओडीएफ प्लस प्लस हासिल हुआ, दूसरी बार 25 नवंबर 2019 को ओडीएफप्लस प्लस मिला, तीसरी बार फरवरी 2021 में ओडीएफप्लस प्लस मिला और अब चौथी बार भिलाई निगम ओडीएफप्लस प्लस घोषित हुआ है। विधायक एवं निगम के पूर्व महापौर देवेंद्र यादव के नेतृत्व में भिलाई निगम ने कई उपलब्धियां स्वच्छ सर्वेक्षण में हासिल की थी। महापौर परिषद के सदस्य एवं स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के विभाग के प्रभारी रहते हुए स्वच्छता के पायदान में निगम ने कई अवार्ड हासिल किए हैं, स्वास्थ्य प्रभारी ने शहरवासियों से भिलाई को नंबर वन बनाने की अपील की है। स्वच्छ सर्वेक्षण की प्रतियोगिता में नाली में जाली, सफाई कार्य, सिटीजन फीडबैक, बल्क वेज जनरेटर, पार्क कंपोस्टिंग, वॉल पेंटिंग, जीवीपी पॉइंट एवं शहर सौंदर्यीकरण, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, एसएलआरएम सेंटर, कचरा सेग्रीगेशन, सैनिटेशन, एमआईएस इंट्री, डॉक्यूमेंट तैयार करना, डंपसाइट का निष्पादन एवं कम्युनिटी टॉयलेट, पब्लिक टॉयलेट, लोगों के फीडबैक पर अंक निर्धारित किया गया है। स्वच्छता की दिशा में कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा भी लगातार सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। निगम प्रशासन ने ओडीएफ प्लस प्लस हासिल करने व्यापक रूप से तैयारी की थी अपर अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित निगम के समस्त जोन आयुक्त एवं अधिकारी/कर्मचारियों ने ओडीएफप्लस प्लस हासिल करने के लिए लगातार फील्ड में रहकर प्रयास किया था।

इसके साथ ही पीएमयू हरीश ठाकुर, पीआईयू अभिनव ठोकने एवं शुभम पाटनी का विशेष योगदान रहा। वर्ष 2022 में भारत सरकार की सर्वेक्षण दल 4 बार निगम भिलाई क्षेत्र में ओडीएफप्लस प्लस का परीक्षण करने पहुंचे थे उन्होने निगम क्षेत्र के 108 शौचालयों में कई सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों के अलावा खुले में शौच वाले स्थानों, तालाब किनारे, रेलवे पटरी के किनारे, गली आदि का निरीक्षण किया था।





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950